संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, सोमवार 02 मार्च 2026 ₹ 2 | www.actionindialive.com | Facebook.com/actionindialivee



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक कार्यक्रम में स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए कार्यकर्ता।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 15 अंक: 61 पृष्ठ: 08 RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com **हिमाचल संस्करण** दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


# पीएम ने तमिलनाडु-पुडुचेरी को 7,100 करोड़ की परियोजनाओं की दी सौगात

## मदुरै में बोले-विकसित भारत में तमिलनाडु का अहम योगदान; तिरुप्परनकुंद्रम में मंदिर में पूजा की

**टीम एक्शन इंडिया**

**चेन्नईः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को पुडुचेरी और तमिलनाडु पहुंचे। पुडुचेरी में उन्होंने 2700 करोड़ और तमिलनाडु में 4,400 करोड़ रुपए से ज्यादा के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। साथ ही तमिलनाडु में ही आठ नए बने अमृत भारत रेलवे स्टेशनों, तीन नए आकाशवाणी रिले ट्रांसमीटर का उद्घाटन किया। इसके बाद मोदी ने मदुरै में सभा को संबोधित किया। मोदी ने कहा, तमिलनाडु राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। हमारा सामूहिक लक्ष्य एक विकसित भारत के लिए एक विकसित तमिलनाडु है। इसके बाद पीएम मदुरै के तिरुप्परनकुंद्रम स्थित अरुलमिगु सुब्रमण्य स्वामी मंदिर भी गए। वहां उन्होंने पूजा-अर्चना की और दंडवत प्रणाम किया। मंदिर के पुजारियों ने पीएम को भगवान की तस्वीर भेंट की।



### डीएमके की वजह से तीन लाख घर अभी भी अधूरे

पीएम ने कहा कि इन परिवारों को अपना घर मिल गया है... वहीं दूसरी ओर, डीएमके की वजह से लगभग तीन लाख घर अभी भी अधूरे हैं।

डीएमके का मॉडल है- पैसा खुद का, समस्याएं जनता की- मोदी

डीएमके मदुरै में माफिया-शैली की राजनीति लेकर आई। उन्होंने खराब सड़कें, खराब जल निकासी व्यवस्था और अपशिष्ट प्रबंधन का अभाव पैदा किया। उन्होंने मदुरै को स्वच्छता के मामले में राष्ट्रीय रैंकिंग में सबसे निचले पायदान पर पहुंचा दिया। यहां तक कि भ्रष्टाचार के कारण मदुरै के डीएमके मेयर को भी इस्तीफा देना पड़ा। यही उनका मॉडल है, पैसा खुद के लिए, समस्याएं जनता के लिए!

**तटीय राज्य तमिलनाडु में विकास की अपार संभावनाएं हैं- मोदी**

तमिलनाडु एक तटीय राज्य है और इसमें विकास की अपार संभावनाएं हैं। लेकिन जब कांग्रेस और डीएमके पहले सत्ता में थीं, तब वे निष्क्रिय थीं। मदुरवॉयल कॉरिडोर रुका रहा, थूथुकुडी ट्रांसशिपमेंट सिर्फ कागजों पर ही रह गया। 2014 के बाद हमें चेन्नई बंदरगाह मिला। हमने बंदरगाह और मदुरवॉयल एलिवेटेड कॉरिडोर को पुनर्जीवित किया। हमने कामराजा और चेन्नई बंदरगाह को एकीकृत करके भारत का पहला पोर्ट क्लस्टर बनाया।

**डीएमके की वजह से 34 लाख घर अब तक नहीं बने- मोदी**

तमिलनाडु एक तटीय राज्य है और इसमें अपार संभावनाएं हैं। लेकिन जब कांग्रेस और डीएमके पहले सत्ता में थीं, तब वे निष्क्रिय थीं। मदुरवॉयल कॉरिडोर का काम रुका रहा, थूथुकुडी से माल ढुलाई का काम केवल कागजों पर ही रह गया। 2014 के बाद हमें चेन्नई बंदरगाह मिला। डीएमके न तो गरीबों के लिए काम करती है और न ही दूसरों को काम करने देती है। मैं आपको एक उदाहरण देता हूं। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत तमिलनाडु में छह लाख से अधिक घर पूरे हो चुके हैं।

### डीएमके ने कभी मदुरै को पसंद नहीं किया- मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि 2021 में, 25 लंबे वर्षों के बाद, डीएमके को अपने दम पर पूर्ण बहुमत मिला। लेकिन उन्होंने सुशासन नहीं दिया। उन्होंने वंशवादी राजनीति को बढ़ावा देते हुए राज्य को लूटा और जनता की आकांक्षाओं को नजरअंदाज किया। मदुरै को देखिए। मदुरै ने एमजीआर का साथ दिया, जिन्हें इस शहर से बेहद प्यार था; यही कारण है कि ऊटङ ने कभी मदुरै को पसंद नहीं किया।

**कुछ लोग तमिलनाडु में सत्ता में वापसी का सपना देख रहे हैं- मोदी**

कुछ लोग तमिलनाडु में सत्ता में वापसी का सपना देख रहे हैं। जब वे एनडीए की विशाल रैली देखेंगे, तो उनके सपने बुरे सपने में बदल जाएंगे। लोग जानते हैं कि ये चुनाव राज्य के लिए निर्णायक मोड़ हैं। मैं देख सकता हूं कि तमिलनाडु ने अपना मन बना लिया है। जनता ने फैसला कर लिया है।

**तमिलनाडु में बदलाव की प्रबल इच्छा साफ झलक रही है- मोदी**

आप लोग मुझ पर जो स्नेह बरसा रहे हैं, उससे मुझे पिछले महीने मलेशिया की अपनी यात्रा की याद आ गई। मुझे अपने तमिल भाइयों और बहनों से जो स्नेह मिला, वह असाधारण था। वहां तमिल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए, हमने मलाया विश्वविद्यालय में तिरुवल्लुवर चेयर की स्थापना पहले ही कर दी है। तमिलनाडु में बदलाव की प्रबल इच्छा साफ झलक रही है। डीएमके के शासनकाल में किए गए वादे पूरे न होने और भ्रष्टाचार ने जनता को निराश किया है। एनडीए ही लोगों की पहली पसंद है।



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ स्थित आवास संत कबीर कुटीर पर लोगों की समस्याएं सुनते हुए।

# अमेरिका-इजराइल के हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**तेहरान/तेलअवीव/वाशिंगटनः** ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हवाई हमले में इस्लामिक क्रांति के नेता अयातुल्ला सैय्यद अली खामेनेई और उनके परिवार के कई सदस्य मारे गए। ईरान के सरकारी ब्रॉडकास्टर आईआरआईबी ने रविवार सुबह कहा कि इस हमले में खामेनेई की शहादत हो गई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि जब तक ईरान में शांति स्थापित नहीं हो जाती, तब हमला जारी रहेगा। अमेरिकी चैनल सीएनएन, द टाइम्स ऑफ इजराइल, ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी इरना की रिपोर्ट्स के अनुसार, ईरान के कई




मीडिया समूहों ने भी खामेनेई की मौत की पुष्टि की है। इनमें सबसे बड़ी स्वीकारोक्ति सरकारी ब्रॉडकास्टर आईआरआईबी की है। आईआरआईबी ने रविवार सुबह बताया, "ईरान के सुप्रीम लीडर शहीद हो गए हैं।" खामेनेई की मौत के बाद ईरान ने भी इजराइल पर हमले किए हैं। तेल अवीव में ईरान के हमले में एक महिला की मौत हो गई। इजराइल ने कहा कि अमेरिका के साथ संयुक्त सैन्य अभियान के शुरूआती हमलों में लक्षित किए गए 30 प्रमुख नेताओं में से कई मारे गए। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि यह सैन्य कार्रवाई तब तक चलेगी जब तक ईरान के लोग आजाद नहीं हो जाते। इस बीच इजराइल का एयरस्पेस बंद कर दिया गया है। सबसे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने शनिवार रात ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई की मौत का ऐलान किया। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, "इतिहास के सबसे बुरे लोगों में से एक खामेनेई मर गया है।"

# मुख्यमंत्री सुक्खू ने दी सुजानपुर होली उत्सव की बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने सभी प्रदेशवासियों और देशवासियों को सुजानपुर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तरीय होली उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि सुजानपुर की होली वर्षों से हमारी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे का जीवंत प्रतीक रही है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि यह ऐतिहासिक उत्सव पीढ़ियों से प्रेम, सहयोग और मिलन की परंपरा को संजोए हुए है। सुजानपुर की होली न



केवल हिमाचल प्रदेश की पहचान है, बल्कि यह राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक विविधता का भी प्रतीक बन चुकी है। उन्होंने कहा कि इस राष्ट्रीय स्तरीय होली उत्सव में देश के विभिन्न हिस्सों से लोग भाग लेते हैं।

# कोर्ट का फैसला भाजपा के मुंह पर तमाचाः अरविंद केजरवील

**टीम एक्शन इरंडिया**

**नई दिल्लीः** आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि कथित शराब घोटाले में कोर्ट का फैसला भारतीय जनता पार्टी के मुंह पर जोरदार तमाचा है। उन्होंने दिल्ली के जंतर मंतर पर रविवार को एक रैली में कहा कि आप को खत्म करने के लिए मोदी जी खुद इस केस की मॉनिटरिंग कर रहे थे। उन्होंने मोदी और शाह पर 4 साल तक परेशान करने का आरोप लगाया। शराब घोटाले के में बरी होने के बाद इस रैली का आयोजन किया गया था। उन्होंने रैली में शराब घोटाले केस में कोर्ट के फैसले की तारीफ की। उन्होंने इसे



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और देश के लोगों के पक्ष में बताया। बीजेपी नेताओं ने मुझपर 100 करोड़ रुपए लेने और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए, लेकिन अदालत ने कहा कि केस फर्जी है। अदालत का फैसला मोदी, अमित शाह और बीजेपी के लिए करारा जवाब है। आप को खत्म करने के लिए खुद प्रधानमंत्री इस केस की निगरानी कर रहे थे। आईआईटी से पढ़ाई के बाद मैं अमेरिका जा सकते थे, लेकिन देश सेवा के लिए भारत में ही रहा। इनकम टैक्स विभाग में नौकरी के दौरान मैंने रिश्वत लेने से मना किया और ईमानदारी से काम किया। मुख्यमंत्री बनने के बाद भी मेरे खिलाफ कई जांच

> केजरीवाल बोले- हमें खत्म करने के लिए मोदी खुद इस केस की मॉनिटरिंग कर रहे थे

कराई गईं, लेकिन कुछ साबित नहीं हुआ। कांग्रेस और बीजेपी दोनों ने 12 साल में देश को अच्छी सड़कें, पानी और बेहतर व्यवस्था नहीं दी। रेलवे, एयरलाइंस, बैंक और शिक्षा व्यवस्था खराब हो गई है। दिल्ली के पूर्व सीएम और आप नेता अरविंद केजरीवाल दिल्ली के कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर में पूजा की।

# अब पंजाब में है बदलाव की बारीः सीएम नायब सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को पंजाब के गुरदासपुर जिले के दीनानगर में सैनी समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पंजाब गुरुओं की धरती है, यह तप, त्याग और बलिदान की भूमि है। उन्होंने कहा कि विभाजन की वेदना झेलने के बावजूद यहां के लोगों ने कभी निराशा को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया और आत्मविश्वास को अपनी सबसे बड़ी ताकत बनाया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब विधानसभा का आगामी चुनाव केवल सरकार बदलने का चुनाव नहीं है, यह चुनाव पंजाब की राजनीतिक दिशा को बदलने, समाज को सम्मान दिलाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि इस पावन भूमि पर आकर वे स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उपस्थित जनसमूह को नमन करते हुए उन्होंने आह्वान किया कि सभी को मिलकर पंजाब को फिर से विकास के पथ पर अग्रणी राज्य बनाना है। उन्होंने कहा, हम सबने मिलकर पंजाब को फिर से रंगला पंजाब बनाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सैनी समाज को सम्मान देने का काम किया है। मुझ जैसे एक छोटे कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री बनाकर समाज को ताकत दी है। उन्होंने बताया कि सोमवार को हरियाणा विधानसभा में वे अपना दूसरा बजट पेश करेंगे।

उन्होंने कहा कि 217 संकल्पों में से 60 पूरे किए जा चुके हैं और 120 पर तेजी से काम चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में किडनी मरीजों को सभी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में मुफ्त डायलिसिस की सुविधा दी जा रही है।

# बंगाल में 50 लाख घुसपैठिए वोटर लिस्ट से हटाएः नवीन

**टीम एक्शन इंडिया**



कूच बिहारः भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को पश्चिम बंगाल के कूच बिहार जिले में भाजपा की परिवर्तन यात्रा की शुरूआत की। इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए नवीन ने दावा किया कि बंगाल में 50 लाख से ज्यादा घुसपैठियों को वोटर लिस्ट से हटाया गया है। पश्चिम बंगाल में एक दिन पहले ही स्पेशल इंटेंसिव रिविजन के बाद जारी वोटर लिस्ट से 63.66 लाख नाम हटाए गए हैं। नवीन ने आरोप लगाया कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए, वे घुसपैठिए थे और वे असली नागरिकों के लिए बनी सरकारी नौकरियों और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले रहे थे। ये लोग न सिर्फ असली नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन कर रहे थे, बल्कि देश की सुरक्षा के लिए भी खतरा थे। घुसपैठियों के लिए हमारा संदेश है कि अब समय आ गया है कि उन्हें बंगाल की धरती से बाहर किया जाए। हमें न सिर्फ घुसपैठियों को हटाना है, बल्कि एक मजबूत सरकार भी बनानी है जो विकास ला सके

**भ्रष्ट टीएमसी सरकार सिर्फ घुसपैठियों के लिए काम करती है- नवीन**

भाजपा अध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घुसपैठियों को फर्जी दस्तावेज दिलाकर उन्हें संरक्षण दिया। ममता बनर्जी ने वोटर लिस्ट में शामिल घुसपैठियों को बचाने के लिए अदालतों का रुख किया, क्योंकि वे उनका वोट बैंक हैं। लेकिन जब महिलाओं का अपमान होता है, तो दीदी चुप रहती हैं।

राज्य को भ्रष्ट टीएमसी सरकार से मुक्त कराने की जरूरत है, जो सिर्फ घुसपैठियों के लिए काम करती है।

# ईरान हमलाः स्टूडेंट्स-कारोबारी हमले के बीच दुबई-अबूधाबी में फंसे

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोटा/जोधपुर/जयपुरः** द ईरान के यूएई और दुबई में हमला करने के कारण फ्लाइट्स कैंसिल हो गई हैं। इस कारण राजस्थान के जोधपुर, कोटा, सीकर के 100 से ज्यादा स्टूडेंट और अन्य लोग फंस गए हैं।

शनिवार को अचानक एयरस्पेस बंद होने से इनकी फ्लाइट कैंसिल हो गई। इन्हें तुरंत एयरपोर्ट से सुरक्षित होटल्स भेजा गया। इस दौरान दुबई और अबू धाबी एयरपोर्ट के



पास धमाके भी सुनाई दिए। सभी ने भारत सरकार से इन्हें सुरक्षित निकालने की मांग की है। वहीं, अजमेर में शिया समुदाय ने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर 3 दिन के शोक का ऐलान किया है। जयपुर एयरपोर्ट ने पैसेंजर्स के लिए एडवाइजरी जारी की है। खाड़ी देशों में जाने वाली फ्लाइट्स भी कैंसिल हुई हैं।

> धमाके हो रहे हैं; अजमेर में शोक का ऐलान, जयपुर से उड़ानें कैंसिल, केंद्र सरकार की एडवाइजरी जारी

शनिवार को दुबई एयरपोर्ट पर फंसे कोटा के स्टूडेंट मिसाइल हमले का एक वीडियो भी

**कथावाचक के साथ दुबई गए 120 श्रद्धालु फंसे**

जोधपुर के 120 श्रद्धालु अबू धाबी में फंसे हैं। ये सभी लोग बड़ा रामद्वारा सूरसागर के संत अमृतराम महाराज की कथा सुनने के लिए दुबई गए थे। महाराज की 24 से 28 फरवरी तक दुबई में कथा थी। कथा 28 फरवरी को खत्म हुई थी। शनिवार को सभी अबू धाबी एयरपोर्ट पहुंचे। वहां पहुंचने के बाद उन्हें उड़ान रद्द होने की सूचना मिली। जोधपुर के कारोबारी गजेंद्र महिया दोस्तों के साथ दुबई में फंसे हैं। वे 23 फरवरी को दुबई घूमने गए।

# उप्र की विद्युत सखियों ने रचा इतिहास, ओटीएस में बना रिकॉर्डः केशव प्रसाद

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व एवं निर्देशन में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों की दीदियाँ आज विभिन्न आजीविका गतिविधियों के माध्यम से न केवल अपनी आय में वृद्धि कर रही हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन की दिशा में उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य के गतिशील नेतृत्व के सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। विद्युत बिल कलेक्शन में दीदियों की सक्रिय भागीदारी और उससे अर्जित आय में निरंतर वृद्धि को विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के प्रधानमंत्री के विजन को मूर्त रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि इस कार्यक्रम से महिलाओं की आमदनी में वृद्धि तो हो ही रही है, साथ ही समाज में उनका मान-सम्मान और प्रतिष्ठा भी निरंतर बढ़ रही है।

### हिमूतकर्ष के वार्षिक समारोह में मिला सम्मान, कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए

# उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने नवाजी उत्तर भारत की विभूतियां

> 6 विभूतियों को हिमोत्कर्ष राष्ट्रीय एकात्मकता व तीन विभूतियों को हिमोत्कर्ष हिमाचलश्री पुरस्कार से सम्मानित किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**ऊना।** हिमोत्कर्ष साहित्य,संस्कृति एवं जनकल्याण परिषद का 52वां राज्य स्तरीय वार्षिक अधिवेशन रविवार को एलजेएन हिमोत्कर्ष राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटला खुर्द परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में



उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए। जबकि कार्यक्रम में पूर्व विधायक ओपी रत्न व ब्रिगेडियर (से.नि.) राजीव ठाकुर विशिष्टातिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, विशिष्टातिथि पूर्व विधायक ओपी रत्न व ब्रिगेडियर (से.नि.) राजीव ठाकुर ने उत्तर भारत की 6 विभूतियों को हिमोत्कर्ष राष्ट्रीय एकात्मकता व तीन विभूतियों को हिमोत्कर्ष हिमाचलश्री पुरस्कार से सम्मानित किया। समारोह में स्व.आयशा पटियाल स्मारक हिमोत्कर्ष छात्रवृति के अंर्तगत प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला से बीएससी माईक्रोबायोलोजी की टापर दीपिका को 25 हजार रूपए छात्रवृति,स्वर्ण पदक व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। जिला ऊना से प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में प्रथम 10 स्थानों पर रहने वाले 37 मेधावी विद्यार्थियों तथा जमा दो कक्षा के 22 विद्यार्थियों को स्व.संतोष कंवर स्मारक हिमोत्कर्ष मेधावी छात्रवृति के अंर्तगत एक-एक हजार नगद छात्रवृति, प्रशस्ति पत्र व स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया गया। समारोह में हिमोत्कर्ष अमोदिनी महिला सशक्तिकरण प्रकल्प के तहत 68 पात्र विधवाओं को 153000 रूपए का राशन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कुष्ठ आश्रम ऊना को 11 हजार रूपए की आर्थिक मदद उपलब्ध करवाई गई। एक किडनी रोगी सूजल को एक साल के लिए 2 हजार रूपए प्रतिमाह की मदद शुरू की गई,जबकि रोड़ा गांव के सोहन सिंह व सलोह गांव के सुभाष को व्हील चेयर प्रदान की गई। कार्यक्रम में संस्था ई-नोज कंप्यूटर कार्यक्रम के उतीर्ण 60 अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।



उत्तर भारत
ऊना, 02 मार्च 2026
दैनिक एक्शन इंडिया
ACTION INDIA
www.actionindialive.com



# हम सबने मिलकर पंजाब को फिर से रंगला पंजाब बनाना है: सीएम सैनी

पंजाब गुरुओं की धरती, तप-त्याग और बलिदान की भूमि है: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा में एक साल में 60 वादे किये पूरे, 120 पर तेजी से काम जारी, अब पंजाब में है बदलाव की बारी: मुख्यमंत्री, पंजाब विधानसभा का आगामी चुनाव केवल सरकार बदलने का चुनाव नहीं है, यह चुनाव पंजाब की राजनीतिक दिशा को बदलने, समाज को सम्मान दिलाने का अवसर है

**साधा निशाना**

विभाजन की वेदना झेलने के बावजूद यहां के लोगों ने कभी निराशा को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को पंजाब के गुरदासपुर जिले के दीनानगर में सैनी समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पंजाब गुरुओं की धरती है, यह तप, त्याग और बलिदान की भूमि है। उन्होंने कहा कि विभाजन की वेदना झेलने के बावजूद यहां के लोगों ने कभी निराशा को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया और आत्मविश्वास को अपनी सबसे बड़ी ताकत बनाया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब विधानसभा का आगामी चुनाव केवल सरकार बदलने का चुनाव नहीं है, यह चुनाव पंजाब की राजनीतिक दिशा को बदलने, समाज को सम्मान दिलाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि इस पावन भूमि पर आकर वे स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उपस्थित जनसमूह को नमन करते हुए उन्होंने आह्वान किया कि सभी को मिलकर पंजाब को फिर से विकास के पथ पर अग्रणी राज्य बनाना है। उन्होंने कहा, हम सबने मिलकर पंजाब को फिर से रंगला पंजाब बनाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सैनी समाज को सम्मान देने का काम किया है। मुझ जैसे एक छोटे कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री बनाकर समाज को ताकत दी है। उन्होंने बताया कि सोमवार को हरियाणा विधानसभा में वे अपना दूसरा बजट पेश करेंगे। उन्होंने कहा कि 217 संकल्पों में से 60 पूरे किए जा चुके हैं और 120 पर तेजी से काम चल रहा है। प्रदेश सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में किडनी मरीजों को सभी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में मुफ्त डायलिसिस की सुविधा दी जा रही है। बुजुर्गों को प्रत्येक माह की 10 तारीख तक पेंशन घर बैठे उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि लाडो लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को 2100 रुपए दिए जा रहे हैं। किसानों की फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदी जा रही हैं और 48 घंटे में भुगतान सुनिश्चित किया गया है। भावांतर भरपाई योजना से भी किसानों को लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबों को मकान बनाकर दिए जा रहे हैं और जिन परिवारों के पास जमीन नहीं है, उन्हें प्लॉट उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

लंबे समय से पंचायती भूमि पर निवास कर रहे परिवारों को मालिकाना हक भी प्रदान किया गया है।





## पंजाब की सत्ता कुछ हाथों में ही रहने से विकास प्रभावित हुआ: मुख्यमंत्री नायब सिंह

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब की सत्ता कुछ हाथों में सिमटने से विकास प्रभावित हुआ है। अब राजनीति की दिशा बदलने का समय है। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में ओबीसी वर्ग एकजुट होकर निर्णायक भूमिका निभाएगा और भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने में योगदान देगा ताकि पंजाब को फिर से रंगला और खुशहाल प्रदेश बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि पंजाब में 31 प्रतिशत ओबीसी वर्ग है, यह मिलकर राजनीति की धुरी बने और राजनीतिक भूमिका को निभाये। सैनी ने कहा कि आज पंजाब के हालात बेहद खराब है। बेरोजगारी, नशा, अपराध और पलायन से जूझ रहे पंजाब को इन समस्याओं से निजात दिलाने का अब वक्त आ गया है। इस कार्य में सैनी समाज को बड़ी भूमिका निभानी है।ॅ मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि बिहार चुनाव से पहले राहुल गांधी ने हरियाणा में वोट चोरी के आरोप लगाए, लेकिन इन आरोपों को जनता ने सिरे से खारिज करने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने सैनी समाज के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज ने स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने सरदार महंगा सिंह और हरि सिंह सैनी को समाज के हीरे बताते हुए उनके योगदान को याद किया। सैनी समाज नर सेवा के कार्यों में अग्रणी रहा है। पंजाब में बाढ़ के समय समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहायता की। चंडीगढ़ के प्रसिद्ध रॉक गार्डन के निमार्ता नेकचंद सैनी का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने समाज में कला और संस्कृति की अमिट छाप छोड़ी है।

## एसआईआर प्रक्रिया से चिन्हित हो रहे अवैध बांग्लादेशी-रोहिंग्या : नंद गोपाल नंदी






सीएम ने कहा कि पावन भूमि पर आकर वे स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उपस्थित जनसमूह को नमन करते हुए उन्होंने आह्वान किया कि सभी को मिलकर पंजाब को फिर से विकास के पथ पर अग्रणी राज्य बनाना है। उन्होंने कहा, हम सबने मिलकर पंजाब को फिर से रंगला पंजाब बनाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सैनी समाज को सम्मान देने का काम किया है। मुझ जैसे एक छोटे कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री बनाकर समाज को ताकत दी है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री को शाल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शहीदों के परिजनों और स्कूली बच्चों को सम्मानित किया। इस मौके पर पंजाब भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक अश्विनी शर्मा, अखिल भारतीय सैनी सभा के अध्यक्ष दिलबाग सिंह सैनी तथा आयोजक जगदीश सैनी, रघुवीर सिंह सैनी, लवली सैनी, प्रवीण कुमार सैनी, हरवीर सिंह, दरबार सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मध्य प्रदेश में मार्च में गर्मी दिखाएगी तेवर, पारा 40 डिग्री पार पहुंचेगा

**गर्मी का असर**

महीने की शुरूआत हल्की बारिश से हो सकती है, लेकिन दूसरे सप्ताह से गर्मी का असर तेजी से बढ़ेगा



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** इस बार मार्च में मध्य प्रदेश में गर्मी तेवर दिखाएगी। कई शहरों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जाने की संभावना है। महीने की शुरूआत हल्की बारिश से हो सकती है, लेकिन दूसरे सप्ताह से गर्मी का असर तेजी से बढ़ेगा। दिन के साथ-साथ रात का तापमान भी बढ़ने लगेगा। मौसम विभाग के मुताबिक, मार्च से मई के बीच प्रदेश में सामान्य से अधिक तापमान रहने की संभावना है। गर्मी का प्रभाव मार्च से ही दिखने लगेगा, जबकि लू (हीट वेव) का ज्यादा असर अप्रैल और मई में रहने की आशंका है। इस दौरान दिन और रात दोनों के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। 4 मार्च की रात से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में सक्रिय हो रहे नए वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर दो दिन बाद मध्य प्रदेश में भी दिख सकता है। कुछ इलाकों में हल्की बारिश की संभावना है। इसके बाद तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी के आसार हैं। अगले चार दिनों में अधिकतम तापमान लगातार ऊपर जाएगा।

# बिना सत्यापन किराएदार रखने पर 40 मकान मालिकों पर 4 लाख का जुर्माना

**कार्रवाई**

बिना सत्यापन जनपद में निवास कर रहे अनेक लोगों के खिलाफ पुलिस एक्ट में कार्रवाई की गई

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वार:** जनपद के कोतवाली रानीपुर, भगवानपुर व रुड़की में चले सत्यापन अभियान के दौरान रविवार को 40 मकान मालिकों पर बिना सत्यापन कराए किराएदार रखने पर 4 लाख का जुर्माना लगाया गया। इसके साथ ही बिना सत्यापन जनपद में निवास कर रहे अनेक लोगों के खिलाफ पुलिस एक्ट में कार्रवाई की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली रानीपुर में 45 व्यक्तियो को बिना सत्यापन किरायेदार रखने पर 06 मकान मालिकों का कोर्ट चालान कर 60 हजार का जुर्माना लगाने के साथ 08 व्यक्तियो का 81 पुलिस एक्ट में चालान कर 2 हजार संयोजन शुल्क वसूला गया। कोतवाली भगवानपुर में 200 व्यक्तियों को बिना सत्यापन किरायेदार रखने पर 30 मकान मालिको पर कुल ?3 लाख का कोर्ट चालान लगाया गया। जब कि कोतवाली रुड़की में 75 व्यक्तियों को बिना सत्यापन किरायेदार रखने पर 04 मकान मालिको का कोर्ट चालान कर रुपये 40 हजार का जुर्माना लगाया गया।

# नागपुर फैक्ट्री विस्फोट में 17 लोगों की मौत, 18 घायल, आर्थिक मदद की घोषणा

**रेस्क्यू**

मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है



**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में रविवार सुबह विस्फोटक निर्माण फैक्ट्री 'एसबीएल एनर्जी लिमिटेड' में हुए धमाके में अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 18 अन्य गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। सभी घायलों को तत्काल नागपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, रविवार सुबह करीब 7:15 बजे फैक्ट्री की डेटोनेटर पैकिंग यूनिट में अचानक तेज धमाका हुआ। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि यूनिट में तुरंत भीषण आग लग गई और आसपास के क्षेत्रों में दहशत फैल गई। धमाके की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनी गई, जिससे स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंच गईं। इसके साथ ही राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की टीमों को भी राहत एवं बचाव कार्य में लगाया गया है। पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) तथा औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य निदेशालय (डीआईएएस) के अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गए हैं। मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। इस बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घटना को अत्यंत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

# जिंदल आईवीएफ ने हिमाचल प्रदेश के 21 साल से इनफर्टिलिटी से जूझ रहे कपल को सफल प्रेग्नेंसी में मदद की

**टीम एक्शन इंडिया**

**कॉंगड़ा:** उत्तरी भारत में आईवीएफ और आधुनिक प्रजनन तकनीक के लिए प्रसिद्ध जिंदल आईवीएफ ने 21 साल से संतान का इंतजार कर रहे एक दंपति को गर्भधारण कराने में सफलता हासिल की है। लंबे समय से बांझपन की समस्या से जूझ रहे इस परिवार के लिए यह एक बड़ी खुशी और उम्मीद की खबर है। यह मामला दिखाता है कि आज की आधुनिक मेडिकल तकनीक की मदद से कई साल पुरानी संतानहीनता की समस्या का भी सफल इलाज संभव है।हिमाचल प्रदेश के इस दंपति ने जुलाई 2025 में जिंदल आईवीएफ से संपर्क किया। पत्नी की उम्र उस समय 38 वर्ष और पति की उम्र 43 वर्ष थी। उन्हें कई वर्षों से बांझपन की समस्या थी जिसका मुख्य कारण फैलोपियन ट्यूब का ब्लॉकेज (ट्यूब बंद होना)था। विस्तृत जांच और सभी आवश्यक परीक्षणों के बाद डॉक्टरों ने उनकी स्थिति का मूल्यांकन किया।लंबे समय से चली आ रही समस्या और महिला की बढ़ती उम्र को ध्यान में रखते हुए दंपति को आईवीएफ उपचार की सलाह दी गई।

# नेटवर्किंग मीट में ऊर्जा संरक्षण पर किया मंथन

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** आश्रेय (अमेरिकन सोसायटी ऑफ हीटिंग, रेफ्रिजरेटिंग एंड एयर कंडीशनिंग इंजीनियर्स) के चंडीगढ़ चैप्टर के इंजीनियरों और सदस्यों ने होमटेल चंडीगढ़ में नॉलेज शेयरिंग और प्रोफेशनल नेटवर्किंग के उद्देश्य से एक नेटवर्किंग मीट का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग सेक्टर तथा कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री से जुड़े लगभग 150 इंजीनियरों और प्रोफेशनल्स ने भाग लिया और ऊर्जा संरक्षण तथा ऊर्जा दक्षता पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंजाब स्टेट काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी के कार्यकारी निदेशक





प्रीतपाल सिंह ने अपने संबोधन में भवन निर्माण, ऊर्जा दक्षता और निर्मित वातावरण में टेक्नोलॉजिकल एडवांसमेंट को बढ़ावा देने के लिये आश्रेय द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। दौरान रविजीत सिंह, प्रीतपाल सिंह आहलूवालिया और तरुण मल्होत्रा ने ने संबंधित कार्यक्षेत्र पर प्रेजेंटेशन दी।। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऊर्जा संरक्षण और सस्टेनेबल सोल्यूशंस की बदलती भूमिका पर अपने विचार साझा किए, जो भविष्य के भवनों के निर्माण को दिशा देंगे। उन्होंने नेट-जीरो बिल्डिंग्स, एनर्जी मॉडलिंग, डिमांड कंट्रोल वेंटिलेशन और हाई-एफिशिएंसी चिल्ड वाटर सिस्टम्स जैसे विषयों पर भी विस्तृत विचार साझा किए, जो भविष्य के ऊर्जा-कुशल भवनों के निर्माण को दिशा देंगे। विचार-विमर्श के दौरान उद्योग में स्किल अपग्रेडेशन, रेगुलेटरी कंप्लायंस, एनर्जी कोड्स के प्रभावी क्रियान्वयन तथा पब्लिक-प्राइवेट सहयोग को मजबूत करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।

**क्रियान्वयन**

स्किल अपग्रेडेशन, रेगुलेटरी कंप्लायंस, एनर्जी कोड्स के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया

# वन्य जीवों के पुनर्स्थापन में मप्र बन गया है देश का आदर्श मॉडल: डॉ. यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश प्राकृतिक सौंदर्य और समृद्ध वन सम्पदा का अनुपम केन्द्र है। वन्य जीवों के पुनर्स्थापन में मध्य प्रदेश देश का आदर्श माडल बन गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को स्टेट हैंगर पर मीडिया से बातचीत करते बोत्सवाना से लाए गए चीतों के संबंध में जानकारी साझा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नदियों के मायके के रूप में ख्याति पा चुके मध्य प्रदेश में वन्यजीवों की कोई कमी नहीं है। फिर भी मध्य प्रदेश की धरती को नाना प्रकार के वन्यजीवों से समृद्ध करने के लिए सरकार सभी कदम उठा रही है। कूनो नेशनल पार्क में चीतों का पुनर्स्थापन इसी दिशा में उठाया गया बड़ा कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन इतिहास के लिए बड़ा अलग प्रकार का है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2022 से एक अद्वितीय निर्णय हुआ जब समूचे एशिया से चीता गायब हो गए थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर केन्द्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने 2022 में मध्य प्रदेश को चीतों का नया घर बनाने का जो निर्णय लिया, आज उसकी अगली कड़ी में बोत्सवाना में राष्ट्रपति जी को जो उपहार में चीते मिले, उन चीतों का आज पुनः बसाहट का काम हुआ और आनंद की बात यह है कि 8 चीते देने की बात की थी और 9वां चीता भी लेकर के आए। आज की स्थिति में इन 9 चीतों को मिलाकर मध्य प्रदेश में अब 48 चीते हो गए हैं।



**समृद्ध**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2022 से एक अद्वितीय निर्णय हुआ जब समूचे एशिया से चीता गायब हो गए थे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह प्रकृति के साथ मनुष्य के संबंध के बेहतर परिणाम आए हैं कि हमने अपने वन्यप्राणी चीतों की बसाहट के लिए दुनिया के सामने एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जिस प्रकार से भारत में चहुंमुखी प्रगति प्रतिभा और चहुंमुखी विकास के दर्शन हो रहे है ऐसे प्रकृति का भी एक बहुत अनुपम उदाहरण बना है मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मैं केन्द्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव का अभिनंदन करता हूं। मध्य प्रदेश की धरती पर ऐसे कई और प्रयोग हम लगातार करने वाले हैं। आने वाले समय में असम से जंगली भैंसे आएंगे। कल घड़ियाल और कछुए को हम छोड़ने वाले हैं।

'चंद्रभान सिंह' बताया। उसने दावा किया कि सुमन के नाम से जम्मू में एचडीएफसी बैंक खाते में 70 लाख रुपये की संदिग्ध ट्रांजैक्शन हुआ है

# इंदौर के बुजुर्ग दंपत्ति डिजिटल अरेस्ट के हुए शिकार, जालसाजों ने 1.15 करोड़ रुपये ठगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**इंदौर।** मध्य प्रदेश इंदौर शहर के एक बुजुर्ग दंपत्ति डिजिटल अरेस्ट के शिकार हो गए। साइबर ठगों ने गिरफ्तारी का डर दिखाकर उनसे 1 करोड़ 15 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने शनिवार को अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हीरानगर थाना पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता 80 वर्षीय विजय सक्सेना और उनकी पत्नी सुमन सक्सेना (77वर्ष ), निवासी बजरंग नगर इंदौर के मोबाइल पर 15 नवंबर 2025 को वीडियो कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को पुणे एटीएस मुख्यालय का अधिकारी 'चंद्रभान सिंह' बताया। उसने दावा किया कि सुमन के नाम से जम्मू में एचडीएफसी बैंक खाते में 70 लाख रुपये की संदिग्ध ट्रांजैक्शन हुआ है और मामला आतंकवाद से जुड़ा है। जालसाजों ने लगातार वीडियो कॉल कर महिला और उनके पति को कथित पूछताछ के नाम पर घंटों बैठे रहने को मजबूर किया। उन्हें धमकी दी गई कि सहयोग नहीं किया तो गिरफ्तारी होगी, संपत्ति जब्त होगी और बच्चों को नुकसान पहुंचाया जाएगा। डर के माहौल में आरोपियों ने व्हाट्सएप पर आधार कार्ड, पैन कार्ड और बैंक संबंधी दस्तावेज मंगवा लिए। इसके बाद दो अलग-अलग बैंक खातों के



नंबर देकर कहा कि जांच पूरी होने तक रकम सुरक्षित ट्रांजैक्शन के रूप में ट्रांसफर करनी होगी। इसके बाद 20 नवंबर 2025 को महिला ने अपने खाते से 49.70 लाख रुपये और उनके पति ने 65.30 लाख रुपये एनईएफटी के माध्यम से बताए गए खातों में ट्रांसफर कर दिए। आरोपियों ने यह भी हिदायत दी कि बैंक में पूछताछ होने पर बताना कि रकम बेटियों के लिए भेजी जा रही है। रकम ट्रांसफर के बाद लगातार फोन कॉल्स और मानसिक दबाव के चलते पति की तबीयत बिगड़ गई और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। घटना के कुछ दिन बाद महिला ने पूरी जानकारी अपने दामाद को दी। इसके बाद मामले की शिकायत साइबर क्राइम ब्रांच में की गई। जांच के बाद हीरानगर थाने में एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (इठर) 2023 की धाराओं 318(4), 319(2) और 308 के तहत मामला दर्ज किया है। पीड़ित महिला सुमन सक्सेना ने बताया कि उन्हें चंद्रभान नामक बदमाश ने पहले 8402823868 नंबर से कॉल किया। इसके बाद प्रदीप लाल नामक बदमाश ने 8511309468 नंबर से वीडियो कॉल किया। 15 नवंबर को किए कॉल में चंद्रभान ने सुमन को फोन पर बताया कि पुलवामा, पहलगाम में छोटे बच्चों के रेप व मर्डर हुए हैं। इसमें आतंकवादी अफजल खान पकड़ा गया है, उसने आपका नाम लिया है। जम्मू के एचडीएफसी बैंक में आपका अकाउंट है और कमीशन के रूप में आपको 70 लाख रुपए दिये हैं। इसके चलते आप पर मनी लॉड्रिंग का केस बनेगा। आप आतंकवादियों की मदद कर रहे हैं और आपको गिरफ्तार किया जाएगा। सुमन ने बताया कि हम कभी जम्मू गए ही नहीं और वहां हमारा किसी भी बैंक में अकाउंट नहीं है।

# उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने किया राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव का शुभारंभ

**उद्घाटन**

» भव्य शोभायात्रा में लिया भाग, मुरली मनोहर मंदिर में की पूजा अर्चना, प्रदर्शनियों का भी किया उद्घाटन



**टीम एक्शन इंडिया**

**हमीरपुर।** ऐतिहासिक नगरी सुजानपुर का चार दिवसीय राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव रविवार को आरंभ हो गया। उत्सव के शुभारंभ अवसर पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने रविवार शाम को लगभग 5 बजे भव्य शोभायात्रा में भाग लेकर तथा ऐतिहासिक मुरली मनोहर मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ इस राष्ट्र स्तरीय उत्सव का शुभारंभ किया। उपमुख्यमंत्री ने इसके बाद सुजानपुर के चौगान में विभिन्न विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों और संस्थाओं की प्रदर्शनियों का उदघाटन एवं अवलोकन भी किया। इस अवसर पर भोरंज के विधायक सुरेश कुमार, स्थानीय विधायक कैप्टन रणजीत सिंह, हिमाचल प्रदेश कृषि विपणन बोर्ड के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष राम चंद्र पठानिया, राज्य नशा निवारण बोर्ड के संयोजक एवं सलाहकार नरेश ठाकुर, एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुमन भारती, वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा, विभिन्न बोर्डों-निगमों के बीओडी मैंबर, उपायुक्त गंधर्वा राठौड़, एसपी बलवीर सिंह, एडीसी अभिषेक गर्ग, एसडीएम एवं मेला अधिकारी विकास शुक्ला, अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कांग्रेस के पदाधिकारी और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

## भाई-भाभी पर मारपीट और तोड़फोड़ का आरोप, मामला दर्ज

**राजन पुरी**

**ऊना।** पुलिस थाना चिंतपूर्णी के तहत डूहल बंगवाला में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच तनाव बढ़ गया। निर्माणाधीन मकान को लेकर हुए विवाद को लेकर सगे भाई और भाभी ने न केवल निर्माण कार्य में बाधा डाली, बल्कि मारपीट भी की।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में रमेश चंद निवासी डूहल बंगवाला ने बताया कि उसके छोटे बेटे दविंद्र कुमार ने अपनी जमीन पर नया मकान बनाना शुरू किया है। इस पर भाई तारा चंद और उसकी पत्नी सतीश कुमारी निर्माण स्थल पर पहुंचे और मकान की पैड़ उखाड़ दी। जब रमेश चंद ने इसका विरोध किया, तो दोनों ने उसके साथ गाली-गलौच की।

# प्रधानमंत्री के ऐतिहासिक निर्णय से देश की मातृशक्ति को मिलेगा सुरक्षा कवच : ठाकुर

**बचाव**

» सर्वाइकल कैंसर से बेटियों के बचाव और सुरक्षित जीवन देने के लिए टीकाकरण का लाभ उठाएं



**टीम एक्शन इंडिया**

**मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर आज सराज विधानसभा क्षेत्र के जंजैहली में सेतु सोशल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर में शामिल हुए। उन्होंने स्थानीय लोगों से स्वास्थ्य एवं परामर्श शिव में शामिल होकर अपनी जांच करवा कर चिकित्सीय परामर्श लेने हेतु आग्रह किया। उन्होंने कहा कि समय-समय पर स्वास्थ्य की जांच हमें भविष्य में होने वाले गंभीर खतरों से न सिर्फ आगाह करती हैं बल्कि उनसे निपटने की प्रभावी रणनीति बनाने का मौका देती हैं। इसलिए समय-समय पर सभी को अपने स्वास्थ्य की जांच करवाते रहनी चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य शिविर लगाने के लिए आयोजक मंडल का धन्यवाद किया।

सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रव्यापी सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण अभियान (एचपीवी) को देश की करोड़ों बेटियों के सुरक्षित भविष्य के लिए एक ऐतिहासिक और युगांतकारी कदम बताया। उन्होंने धानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 14 वर्ष तक की बालिकाओं के लिए नि:शुल्क टीकाकरण की यह पहल न केवल चिकित्सा जगत में एक मील का पत्थर है, बल्कि यह प्रधानमंत्री की मातृशक्ति के प्रति अटूट संवेदना और दूरदर्शी सोच का जीवंत प्रमाण है, क्योंकि भारत में सर्वाइकल कैंसर महिलाओं के लिए एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बना हुआ है और हर साल सवा लाख से ज्यादा मामले देश में आते हैं और लगभग 80 हजार महिलाओं की हर वर्ष मृत्यु हो रही है। हर साल हजारों परिवार इस जानलेवा बीमारी के कारण बिखर जाते हैं। ऐसे में इस सुरक्षा कवच के माध्यम से आने वाली पीढ़ियों को एक रोगमुक्त और सशक्त जीवन की गारंटी प्रदान की गई है।

## अब खनन एवं लोडिंग कार्य प्रात: 6 से सायं 6 बजे तक

**राजन पुरी**

**ऊना।** ऊना जिला प्रशासन ने खनन गतिविधियों के संचालन समय में आंशिक संशोधन करते हुए नया आदेश जारी किया है। जिला दंडाधिकारी ऊना एवं उपायुक्त जतिन लाल द्वारा बीएनएसएस की धारा 163 के तहत जारी आदेश के अनुसार अब खनन एवं लोडिंग कार्य प्रात: 6 बजे से सायं 6 बजे तक किए जा सकेंगे।

इससे पूर्व यह समय सायं 5 बजे तक निर्धारित था। आदेश में कहा गया है कि सायं 6 बजे से प्रात: 6 बजे तक खनन संबंधी सभी गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। वहीं खनन सामग्री की ढुलाई (टिप्पर/ट्रक) की अनुमति प्रात: 9 बजे से सायं 6 बजे तक रहेगी।

# चुरूड़ू में बिजली की चिंगारी से भड़की आग, किसान का गन्ना क्रशर व शैड जलकर राख



**राजन पुरी**

**ऊना।** ग्राम पंचायत चूरूडू में अचानक आग लगने से एक किसान की वर्षों की मेहनत को पल भर में राख कर दिया। बिजली की चिंगारी से भड़की आग के चलते गन्ने का रस निकालने वाला बेलना (क्रशर), उसके ऊपर बना शैड तथा तुड़ी तैयार करने वाला रिप्पर आग की चपेट में आकर पूरी तरह नष्ट हो गए। प्रारंभिक आकलन के अनुसार करीब पांच लाख रुपये का आर्थिक नुकसान बताया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक शनिवार शाम चूरूडू क्षेत्र में कुछ समय के लिए बिजली आपूर्ति बाधित रही। किसान संदीप ठाकुर ने बताया कि जैसे ही विद्युत आपूर्ति बहाल हुई, उनके शैड के ऊपर से गुजर रही तार से अचानक चिंगारी निकली। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और शैड को अपनी चपेट में लेते हुए नीचे रखी मशीनरी को भी घेर लिया। कुछ ही देर में पूरा ढांचा धू-धू कर जल उठा। आग की लपटें उठती देख आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और बिना संसाधनों के अपने स्तर पर आग बुझाने में जुट गए। साथ ही अग्निशमन विभाग को भी सूचना दी गई। हालांकि दमकल वाहन के पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों की तत्परता और सामूहिक प्रयासों से आग पर काबू पा लिया गया।

## मशोबरा में सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों को दिया सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण

**चमन शर्मा**

**शिमला।** विकास खंड मशोबरा के सभागार में बीते एक सप्ताह से चल रहे प्रारंभिक ग्रामीण उद्यमिता कार्यक्रम (एसपीईपी) के तहत सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों (सीआरपीईपी) के लिए सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन हो गया जिसकी अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी मशोबरा अंकित कोटिया ने की । इस कार्यक्रम में भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद से आए हुए स्टेट एंकर अमित सिंह द्वारा सीआरपीईपी को उद्यमिता के बढ़ोतरी के लिए बिजनेस प्लान को बनाने हेतु सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी कार्यालय के सभी



स्टाफ सदस्यों, एनएलआरएम के सभी कर्मचारी ने प्रतिभाग किया और एसवीईपी कार्यक्रम के विषय में सीआरपीईपी को प्रेरित भी किया गया। उन्होंने कहा कि एसवीईपी कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है और इससे ग्रामीण गरीबों को स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए जा सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### आईजीएमसी शिमला में अत्याधुनिक 3 टेस्ला एमआरआई मशीन के शुभारंभ से मरीजों को मिलेगी बेहतर चिकित्सा सुविधा

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** विधायक हरीश जनारथा ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू का इंदिरा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय शिमला में अत्याधुनिक 3 टेस्ला एमआरआई मशीन स्थापित करने के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सरकार का यह कदम हिमाचल प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को अत्याधुनिक बनाने की दिशा में मील पत्थर साबित होगा। हरीश जनारथा ने कहा कि लगभग दो दशकों से आईजीएमसी में पुरानी एमआरआई मशीन संचालित की जा रही थी। मरीजों की सुविधा के दृष्टिगत नई 3 टेस्ला एमआरआई मशीन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। अस्पताल में इस एमआरआई मशीन के स्थापित होने से मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह उच्च क्षमता वाली मशीन जटिल और सूक्ष्म रोगों की सटीक पहचान में सक्षम है। उन्होंने कहा कि एम्स नई दिल्ली में भी इस तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। प्रदेश में इस मशीन के स्थापित होने से अब मरीजों को उन्नत जांच के लिए राज्य से बाहर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य में 95 करोड़ रुपये से पांच एमआरआई मशीनों की खरीद के तहत आईजीएमसी शिमला और चमियाना अस्पताल में अत्याधुनिक एमआरआई मशीनों की स्थापना की गई है। इसके अतिरिक्त 14 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक अल्ट्रासाउंड मशीनें और 14 करोड़ रुपये की लागत से सीलिंग-सस्पेंडेड डीआर एक्स-रे मशीनें स्थापित की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त सात मेडिकल कॉलेजों और कमला नेहरू अस्पताल, शिमला में 40 करोड़ रुपये की लागत से आठ इमेजिंग आर्काइव एवं रिट्रीवल टेक्नोलॉजी सिस्टम भी लगाए जा रहे हैं।



## चियोग स्कूल में अम्बिका शर्मा बनी मिस और ईशान मिस्टर फेयरवेल



**चमन शर्मा**

**शिमला।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चियोग में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई पार्टी का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस उपलक्ष्य पर फैंसी ड्रेस सहित अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गयी । जिसके आधार पर निर्णायक मंडल ने अंबिका शर्मा को मिस फेयरवेल तथा ईशान को मिस्टर फेयरवेल चुना गया। प्रधानाचार्य संदीप कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहां कि इन सभी विद्यार्थियों ने अपने कुशल व्यवहार से आदर्श स्थापित किया है जिनसे सभी कनिष्ठ विद्यार्थियों को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि गुरुओं द्वारा दी गई शिक्षा व संस्कारों का अपने जीवन में अनुकरण करे जिससे जीवन में आन्नद की प्राप्ति होगी ।एसएमसी सदस्यों ने भी सभी विद्यार्थियों को 12वीं परीक्षा को अच्छे ढंग से करने की सलाह दी और उज्ज्वल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर विद्यालय के सभी प्राध्यापक अध्यापक अन्य कर्मचारी और विद्यार्थी मौजूद रहे। इस मौके पर बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को चार चांद लगा दिए।

## मरवाड़ी स्कूल में 11 मेधावी विद्यार्थियों को वितरित किए ई-राशि वाउचर

**राजन पुरी**

**ऊना।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मरवाड़ी में शिक्षा संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के मध्य शिक्षा की गुणवत्ता, डिजिटल माध्यमों के बढ़ते महत्व तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श करना रहा। इस अवसर पर श्रीनिवास रामानुजन डिजिटल योजना के अंतर्गत 11 मेधावी विद्यार्थियों को 16-16 हजार रुपये की ई-राशि के वाउचर वितरित किए गए। इन वाउचरों के माध्यम से विद्यार्थी अध्ययन के लिए संगणक या टैबलेट क्रय कर सकेंगे।

## ईसीएचएस हेल्थ स्कीम के कार्ड करवाएं बदली

**राजन पुरी**

**ऊना।** ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक की सलाहकार समिति की त्रिमासिक बैठक ब्रह्मपुर में आयोजित हुई।

बैठक में डेंटल, लैबोरेटरी, जनरेटर व अन्य पॉलीक्लिनिक सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक में ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक के इंचार्ज ऑफिसर कर्नल एसएन शर्मा ने बताया की जिन पूर्व सैनिकों ने अभी तक अपने ईसीएचएस हेल्थ स्कीम के कार्ड बदली नहीं करवाएं है।

ऐसे कार्ड जल्दी बदली करवाएं, ताकि दवाईयों की डिमांड उसी के अनुसार की जा सके।

## नगनोली के प्रधान मेहताब ने नंदनी को किया सम्मानित

**राजन पुरी**

**ऊना।** हरोली विस क्षेत्र के पंजावर गांव की बेटी नंदनी ठाकुर ने यूपीएससी की कंबाइनड जियो साइंसटिस्ट परीक्षा में ऑल इंडिया स्तर पर प्रथम रैंक प्राप्त करके क्षेत्र सहित जिला ऊना का नाम रोशन किया है।

नंदनी ठाकुर को नगनोली के प्रधान मेहताब सिंह ठाकुर ने फूल मलाएं पहनाकर सम्मानित किया। मेहताब सिंह ने बताया कि यूपीएससी कंबाइनड जियो साइंसटिस्ट की 2025 सेशन की परीक्षा में नंदनी ठाकुर ने ऑल इंडिया में सर्वाधिक 727 अंको के साथ प्रथम स्थान हासिल किया।

उन्होंने कहा कि नंदनी की सफलता से क्षेत्र की अन्य बेटियों को भी प्रेरणा मिलेगी और यह सिद्ध होता है कि ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थी भी राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे बेटियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें, ताकि वे भी बड़े मुकाम हासिल कर सकें।



### कांटे में उत्साहपूर्वक मनाया डेरा बाबा रोटी राम की सालाना बरसी



**राजन पुरी**

**ऊना।** हरोली विधानसभा क्षेत्र के गांव कांटे स्थित डेरा बाबा रोटी राम में बाबा रोटी राम जी की सालाना बरसी बड़ी श्रद्धा के साथ मनाई गई।

सुबह गुरवाणी के स्वर गूंजे और श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पावन भोग डाले गए। इसके उपरांत संत महापुरुषों द्वारा कीर्तन दरबार सजाया गया। समागम में पधारे संत बाबा कुलवंत राम ने बताया कि बाबा रोटी राम ने इस पावन स्थल पर घोर तपस्या की थी। उस समय यह पूरा क्षेत्र घने जंगलों से घिरा हुआ था। जहां शेर, बघेले और चीते विचरण करते थे, लेकिन बाबा जी की तपस्या के आगे वन्य जीव भी शीश झुकाते थे। आज यह स्थान करोड़ों भक्तों की आस्था का केंद्र बन चुका है और हर वर्ष लाखों श्रद्धालु यहां माथा टेकने आते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यह पावन डेरा लगभग 350 वर्ष पुराना है।

उन्होंने कहा कि हर वर्ष की भांति इस बार भी यहां गुरु का लंगर प्रेम और सेवा भाव के साथ लगाया गया।

इस अवसर पर डेरा बाबा रोटी राम प्रबंधक कमेटी के प्रधान प्रकाश सिंह, कुलदीप सिंह, तरलोचन, जगजीत सिंह, चरणजीत, मखन सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## बट्ट आईटीआई खुशनगरी के प्रशिक्षुओं को गोदरेज एंड बॉयस मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड में ओजेटी का अवसर

**हामिद खान**

**चंबा।** बट्ट प्राइवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) खुशनगरी के प्रशिक्षुओं को देश की प्रतिष्ठित औद्योगिक इकाई गोदरेज एंड बॉयस मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड एसएएस नगर (मोहाली), पंजाब में ऑन जॉब ट्रेनिंग (ओजेटी) का अवसर प्राप्त हुआ है।

संस्थान के चेयरमैन परवेज अली बट्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्थान के द्वितीय वर्ष के छात्र 1 मार्च से 31 मार्च तक एक माह की अवधि के लिए कंपनी में औद्योगिक प्रशिक्षण हासिल करेंगे। इसके लिए प्रशिक्षु चंडीगढ़ के लिए रवाना हो चुके हैं।

चेयरमैन बट्ट ने कहा कि प्रतिष्ठित औद्योगिक प्रतिष्ठान में एक माह का व्यावहारिक प्रशिक्षण छात्रों के तकनीकी कौशल को निखारने में अहम भूमिका निभाएगा। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को आधुनिक मशीनरी, उत्पादन प्रक्रियाओं और कार्य संस्कृति को नजदीक से समझने का अवसर मिलेगा, जिससे उन्हें भविष्य में रोजगार प्राप्त करने में भी लाभ होगा। उन्होंने बताया कि इस प्रकार का औद्योगिक अनुभव छात्रों को कक्षा में सीखी गई तकनीकी जानकारी को व्यवहारिक रूप में लागू करने का अवसर देता है, जिससे उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

उल्लेखनीय है कि चुराह जैसे दूरस्थ क्षेत्र के युवाओं को राष्टीय स्तर की कंपनी में प्रशिक्षण का अवसर मिलना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय माना जा रहा है। अभिभावकों एवं स्थानीय लोगों ने संस्थान प्रबंधन के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

संस्थान प्रबंधन ने आश्वस्त किया है कि भविष्य में भी इस प्रकार के औद्योगिक सहयोग के माध्यम से विद्यार्थियों को बेहतर प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जाते रहेंगे।




# कॉफी टेबल बुक प्रकाशन को लेकर बैठक आयोजित



**लिहान्टू**

**रामपुर बुशहर।** अंतरराष्ट्रीय लवी मेला रामपुर, जिला स्तरीय फाग मेला रामपुर, जिला स्तरीय दशहरा मेला सराहन तथा जिला स्तरीय देवता साहिब लक्ष्मी नारायण मेला नोगली से संबंधित कॉफी टेबल बुक के प्रकाशन के संबंध में आज उपमंडलाधिकारी (नागरिक) रामपुर हर्ष अमरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में उपमंडल कार्यालय रामपुर बुशहर में एक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में भाषा एवं संस्कृति विभाग, हिमाचल प्रदेश के निर्देशों के अनुपालन में इन प्रमुख मेलों एवं त्योहारों की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक तथा पारंपरिक जानकारी के व्यवस्थित संकलन पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर मेलों के इतिहास, आयोजन की परंपराओं, सांस्कृतिक गतिविधियों, विशेष आकर्षणों, आगंतुकों की संख्या तथा अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं को कॉफी टेबल बुक में शामिल करने हेतु आवश्यक तथ्यात्मक जानकारी एवं उच्च गुणवत्ता के छायाचित्र उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए। उपमंडलाधिकारी ने कहा कि कॉफी टेबल बुक के माध्यम से क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं एवं धार्मिक आयोजनों को व्यापक पहचान मिलेगी, जिससे पर्यटन गतिविधियों को भी प्रोत्साहन प्राप्त होगा।

## युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष अखिल अग्निहोत्री की माता का आकस्मिक निधन

**राजन पुरी**

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष अखिल अग्रिहोत्री की माता नरेश कुमारी का रविवार सुबह हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। 54 वर्षीय नरेश कुमारी पूरी तरह स्वस्थ बताई जा रही थीं, लेकिन रविवार तड़के अचानक सीने में तेज दर्द की शिकायत के बाद उनका देहांत हो गया। स्वर्गीय नरेश कुमारी शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी एक सम्मानित हस्ती थीं। वे शिवाजी मॉडल स्कूल कुरियाला में प्रधानाचार्य के पद पर सेवाएं दे चुकी थीं। अपने सौम्य स्वभाव, अनुशासनप्रियता और शिक्षा के प्रति समर्पण के कारण वे विद्यार्थियों, अभिभावकों और सहकर्मियों के बीच अत्यंत लोकप्रिय थीं। उनके पति शिव कुमार उक्त स्कूल के प्रबंध निदेशक (एमडी) हैं और लंबे समय से शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। दोपहर बाद स्वर्गधाम ऊना में पूरे धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान परिवारजनों, रिश्तेदारों, राजनीतिक सहयोगियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों की भारी भीड़ उमड़ी। पुत्र अखिल अग्रिहोत्री ने नम आंखों से अपनी माता की चिता को मुखाग्नि दी।

# मैहला में विधिक सेवा प्राधिकरण का विधिक साक्षरता शिविर आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंबा।** ग्राम पंचायत मैहला में पंचायत समिति हाल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चंबा के सौजन्य से विधिक सेवा साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों एवं उपलब्ध निशुल्क कानूनी सहायता के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में उप मुख्य मुफ्त कानूनी सहायता बचाव पक्ष ने विशेष रूप से उपस्थित होकर लोगों को मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के विभिन्न प्रावधानों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यह अधिनियम भारत में वाहनों के पंजीकरण, ड्राइविंग लाइसेंस, सड़क सुरक्षा नियमों तथा यातायात प्रबंधन को नियंत्रित करने वाला एक महत्वपूर्ण कानून है।

उन्होंने कहा कि वाहन चालकों एवं वाहन स्वामियों के लिए हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना, वैध दस्तावेज साथ रखना तथा ट्रैफिक संकेतों का पालन करना अनिवार्य है। नियमों की अनदेखी करने पर दंडात्मक प्रावधान लागू होते हैं, इसलिए सभी को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए। अधिवक्ता टी.सी. शर्मा ने उपस्थित लोगों को निशुल्क कानूनी सहायता योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि निर्धन, महिला, वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांग एवं अनुसूचित वर्ग से संबंधित व्यक्तियों को विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नि:शुल्क अधिवक्ता एवं कानूनी परामर्श उपलब्ध कराया जाता है।

# कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता : सुंदर सिंह

बैठक

## जिला कल्याण समिति की बैठक में वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा



**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू।** जिला कल्याण समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष एवं कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में बहुउद्देशीय भवन, कुल्लू में आयोजित की गई। बैठक में विधायक मनाली भुवनेश्वर गौड, विधायक बंजार सुरेंद्र शौरी, उपायुक्त कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा सहित समिति के सरकारी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का संचालन ज़िला कल्याण अधिकारी गिरधारी लाल शर्मा ने किया।

बैठक में समस्त योजनाओं वित्तिय वर्ष 2024-25 के लिये अनुमोदन और 2025-26 के लिए समस्त योजनाओं में शत प्रतिशत व्यय के लिये अनुमोदन दिया गया। बैठक में जानकारी दी गई कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान जिला विभिन्न कल्याण योजनाओं के लिए कुल 97,19,61,018 का आवंटन किया गया था और 96,55,71,569 की राशि व्यय की गई। इस प्रकार कुल आवंटन का 99.34 प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित किया गया है। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान जिले में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के माध्यम से संचालित विभिन्न कल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत कुल 75,करोड़ 69 लाख 92,795 का बजट प्रावधान किया गया है। 31 जनवरी 2026 तक इन योजनाओं पर 70,11,92,960 की राशि व्यय की जा चुकी है। बैठक के दौरान समिति के अध्यक्ष एवं विधायक ने कहा कि यह बैठक अत्यंत महत्वपूर्ण रही

# डीएवी झबोला में विज्ञान दिवस पर सृजनात्मकता की चमक, छात्रों ने दिखाए नवाचार के हुनर



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** जिले के डीएवी पब्लिक स्कूल झबोला में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। यह दिवस महान वैज्ञानिक सीवी रमन द्वारा किए गए रमन प्रभाव के ऐतिहासिक शोध की स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत विज्ञान प्रदर्शनी से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने स्वयं तैयार किए गए मॉडल प्रस्तुत किए। पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, जल प्रबंधन और आधुनिक तकनीक से जुड़े मॉडलों ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। छात्रों ने न केवल सिद्धांतों को समझाया, बल्कि उनके व्यावहारिक उपयोग भी बताए, जिससे उनकी वैज्ञानिक समझ और प्रयोगधर्मिता स्पष्ट झलकी। इसके अलावा विज्ञान विषय पर आधारित पोस्टर व चित्र निर्माण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। बच्चों ने रंगों और कल्पनाशीलता के माध्यम से विज्ञान और प्रकृति के संबंध को सजीव रूप में प्रस्तुत किया।

# हिमाचल प्रदेश के सभी विभागों में ड्राफ्ट्समैन कैडर के सामान्य नियम बनाए जाए : रमेश यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश ड्राफ्ट्समैन एसोसिएशन का एक प्रतिनिधि मंडल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यादव की अध्यक्षता में जल प्रबंधन बोर्ड के अध्यक्ष शशि शर्मा से मिला। इस प्रतिनिधि मंडल ने उन्हें संगठन की ओर से एक मांग पत्र सौंप कर प्रदेश सरकार से इनका समाधान करवाने की गुहार लगाई। बोर्ड के अध्यक्ष शशि शर्मा ने प्रतिनिधि मंडल के साथ ड्राफ्ट्समैन एसोसिएशन के मांग पत्र पर विस्तृत चर्चा कर ड्राफ्ट्समैन एसोसिएशन को मुख्यमंत्री के समक्ष ड्राफ्ट्समैन एसोसिएशन की मांगों को प्रमुखता से रख कर इन्हें पूरा करने की पैरवी करने का भरोसा दिलाया।

ज्ञापन के मुताबिक ड्राफ्ट्समैन कैडर के सामान्य नियम बनाए जाए तथा कृषि विभाग व बिजली बोर्ड की तर्ज पर जूनियर ड्राफ्ट्समैन की पदोन्नति सभी विभागों में 3 वर्ष की समय अवधि पूर्ण होने पर सुनिश्चित की जाए जिसमें अनुबंध अवधि को भी शामिल किया जाए। वर्तमान में कृषि विभाग व बिजली बोर्ड में 3 वर्ष की समय अवधि पूर्ण होने पर जूनियर ड्राफ्ट्समैन की पदोन्नति ड्राफ्ट्समैन के पद पर की जाती है जबकि लोक निर्माण विभाग व जल शक्ति विभाग में 7 वर्ष तथा टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग में 8 वर्ष की समय अवधि पूर्ण होने पर पदोन्नति दी जाती है जो की तर्कसंगत नहीं है। हिमाचल प्रदेश ड्राफ्ट्समैन एसोसिएशन ने मांग उठाई कि हिमाचल प्रदेश के सभी विभागों में ड्राफ्ट्समैन कैडर के सामान्य नियम बनाए जाए तथा कृषि विभाग व बिजली बोर्ड की तर्ज पर जूनियर ड्राफ्ट्समैन को 3 साल की समय अवधि पूर्ण होने पर पदोन्नति देना सुनिश्चित किया जाए। लोक निर्माण विभाग व जल शक्ति विभाग दोनों विभागों में ड्राफ्ट्समैन के करीब



# नए कलस्टर सिस्टम लागू करने से प्राथमिक शिक्षा का ढांचा गड़बड़ाया : बाबू राम

प्रदर्शन

## नए कलस्टर सिस्टम के खिलाफ प्राथमिक शिक्षकों का प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** जिलाभर के हजारों प्राथमिक शिक्षकों ने रविवार को मंडी में नए कलस्टर सिस्टम व अन्य मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष बाबू राम कौंडल की अगुवाई में किया गया। जिला के सभी 25 खंडों के शिक्षक उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा के कार्यालय के साथ लगते मैदान में एकत्रित हुए और नए कलस्टर सिस्टम वापस लेने सहित अन्य मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए उपायुक्त कार्यालय के बाहर इकट्ठे हुए, जहां जिलाध्यक्ष बाबू राम कौंडल सहित अन्य कर्मचारी नेताओं ने शिक्षकों को संबोधित किया। इस मौके पर बाबू राम कौंडल ने कहा कि नए कलस्टर सिस्टम लागू करने से प्राथमिक शिक्षा का ढांचा गड़बड़ा गया है और प्राथमिक शिक्षकों पर आज दिन नए फरमान जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संघ ने सरकार के समक्ष कई मर्तबा शिक्षकों की समस्याओं को रखा, लेकिन खेद की बात है कि आज दिन तक संघ की मांगों को अनसुना किया गया। उन्होंने चेतावनी हुए कहा कि कि प्राथमिक शिक्षकों की मांगों को जल्द पूरा नहीं किया जाता और संघ को एक सप्ताह के भीतर वार्ता के लिए नहीं बुलाया जाता है तो प्राथमिक शिक्षक अपने आंदोलन को उग्र करने के लिए विवश होंगे, जिसकी सारी जिम्मेवारी प्रदेश सरकार व शिक्षा विभाग की होगी।

# बरसात में उजड़े हर आँगन को फिर से गुलजार करने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए वर्तमान प्रदेश सरकार एक मजबूत सहारा बन रही है। गत बरसात के मौसम में अपने घर खो चुके प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्निर्माण के लिए राज्य सरकार की ओर से बढ़ी हुई सहायता राशि मिलने पर अब उनका अपने उजड़े आशियाने फिर से बसाने का सपना सच हो रहा है। मंडी जिला के सदर उपमंडल की ग्राम पंचायत बीर के धियूं गांव निवासी धर्मपाल सिंह इन्हीं प्रभावितों में से एक हैं। उन्होंने बताया कि 16 अगस्त, 2025 की रात हुई भारी बारिश से उन पर ऐसा कहर बरपा कि उनका पांच कमरों का मकान आंखों के सामने क्षतिग्रस्त हो गया। साथ ही एक पशुशाला और करीब अढ़ाई बीघा जमीन भी भारी बारिश से बह गई। ऐसे में 'सुक्खू सरकार' ने उनकी पीड़ा को समझा और आपदा प्रभावितों के लिए घोषित विशेष राहत पैकेज के तहत उन्हें घर बनाने तथा गौशाला के लिए उचित राहत राशि मंजूर की। धर्मपाल बताते हैं कि इस आपदा के बाद वे अपने परिवार सहित बेघर हो गए और रिश्तेदारों के पास शरण लेनी पड़ी। राज्य सरकार द्वारा मकान निर्माण के लिए अब सात लाख रुपये की राशि तथा घरेलू सामान के लिए भी एक लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है। पहली किस्त के रूप में उन्हें 4 लाख रुपये प्राप्त हो चुके हैं। इससे उन्होंने अपने मकान का निर्माण कार्य आरंभ कर दिया है। साथ ही पशुशाला के लिए भी उचित राशि जारी की गई है। उन्होंने बताया कि परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है और सरकारी सहायता के बिना मकान बनाना उनके लिए संभव नहीं था। ऐसे कठिन समय में राज्य सरकार उनके साथ मजबूती से खड़ी रही, जिससे उनके जीवन में फिर से आशा की किरण जगी है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू का धन्यवाद करते हुए धर्मपाल कहते हैं



# माइंड ऑपरेशन अकादमी का शानदार परिणाम-8 विद्यार्थियों ने सैनिक स्कूल परीक्षा की उत्तीर्ण



**टीम एक्शन इंडिया**
**संगराय**

**जोगिंद्रनगर।** शहर की अग्रणी शिक्षण संस्था माइंड ऑपरेशन अकादमी ने एक बार फिर उत्कृष्ट परिणाम देकर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता सिद्ध की है इस वर्ष अकादमी के 8 विद्यार्थियों ने प्रतिष्ठित सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर संस्थान तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है सफल विद्यार्थियों में शिवांश वेदांश शर्मा आरुषी6ह्लद्ध यक्षित रावत सार्थक अर्णव राव आरुषि ठाकुर 9ह्लद्ध और अर्णव गोयल शामिल हैं इन विद्यार्थियों की उपलब्धि से अभिभावकों और क्षेत्र में खुशी का माहौल है अकादमी के निदेशक राम प्रकाश ठाकुर ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि पिछले 13 वर्षों से वे विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं उन्होंने कहा कि यह परिणाम बच्चों तथा सभी अध्यापकों की निरंतर मेहनत अनुशासन और अकादमी की सुनियोजित अध्ययन पद्धति का प्रमाण है संस्थान में नियमित टेस्ट सीरीज़ व्यक्तिगत मार्गदर्शन और अवधारणा आधारित शिक्षण प्रणाली के माध्यम से विद्यार्थियों को मजबूत आधार प्रदान किया जाता है उन्होंने आगे कहा कि माइंड ऑपरेशन अकादमी का उद्देश्य केवल परीक्षा में सफलता दिलाना ही नहीं बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करना भी है अकादमी में सैनिक स्कूल, नवोदय विद्यालय पुलिस पटवारी जे बी टी टी जी टी टेस्ट जे ओ ए आई टी स्पोकन इंग्लिश तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी करवाई जाती है

## कुल्लू के सभी सरकारी कार्यालयों में चलाया गया सफाई अभियान

कुल्लू। जिला कुल्लू के सभी सरकारी कार्यालयों में मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रत्येक कार्यालय में स्वच्छता के तहत विशेष सफाई अभियान चलाया गया । उपायुक्त अनुराग चंद्र शर्मा ने जानकारी दी कि कुल्लू जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में इस माह के अंतिम शनिवार को एक व्यापक सफाई चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य कार्यालय परिसरों को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाना, अनावश्यक फ़ाइलों और पुराने सामानों का निपटान करना और कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के निर्देशानुसार महीने के अन्तिम शनिवार को प्रत्येक कार्यालय में स्वच्छता के तहत विशेष सफाई अभियान चलाया जाता है। इस अभियान में सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

# घुमारवीं में समग्र शिक्षा के अंतर्गत सामाजिक उपयोगी उत्पादक कार्य की प्रदर्शनी का सफल आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत पीएमसी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घुमारवीं में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए सामाजिक उपयोगी उत्पादक कार्य की प्रदर्शनी का सफल आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आत्मनिर्भरता तथा श्रम के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना रहा। इस प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं से जमा दो तक की छात्राओं ने भाग लिया। प्रत्येक सहभागी विद्यालय से पांच छात्राएं तथा उनके साथ एक एस्कॉर्ट शिक्षक उपस्थित रहे। प्रदर्शनी में पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, घुमारवीं, कन्या राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, घुमारवींय राजकीय उच्च विद्यालय चुवाड़ी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोठी तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयए डंगार के विद्यार्थियों ने भाग लिया। छात्राओं द्वारा तैयार किए गए शैक्षणिक मॉडल, हस्तनिर्मित वस्तुएं, चार्ट एवं पर्यावरण. अनुकूल उत्पाद प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उप.प्रधानाचार्या आशिमा कुमारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर डाइट समन्वयक दिग्विजय मल्होत्रा एवं अभिषेक कुमार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्राओं की रचनात्मकता एवं कार्यकुशलता की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती



# बध्यात स्कूल में देशराज मिस्टर व भूमिका बने मिस फेयरवैल

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** राजकीय उच्च विद्यालय बध्यात के 9वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई पार्टी का आयोजन किया। ये विदाई समारोह विद्यालय प्रांगण में आयोजित किया गया। इस समारोह में मुख्याध्यापक डॉ. रमेश शर्मा सहित दोनों कक्षा अध्यापक रश्मि गौतम और शिवाली शर्मा तथा अन्य अध्यापक अरूण भारद्वाज, शाची मोहन, चंद्रकांता, रामप्यारी, विपिन शर्मा, निशा, मनीषा, आशुतोष शर्मा आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। 9वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने विद्यालय प्रवेश द्वार पर अपने वरिष्ठ छात्रों का तिलक लगाकर और पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया। 9वीं कक्षा की सारा खान ने मंच का सफल संचालन किया। कनिष्ठ छात्रों के द्वारा अपने वरिष्ठ छात्रों को विभिन्न टाइटल्स से नवाजा गया। इस समारोह में देशराज को मिस्टर फेयरवेल तथा भूमिका को मिस फेयरवेल चुना गया। 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भी सभी अध्यापकों को टाइटल्स लगाकर अपनी भावनाएं व्यक्त की।अंत में सभी बच्चों ने एक दूसरे को उपहार देकर खूब मौज मस्ती की।



# इंडस ग्लोबल स्कूल में आनंदोत्सव की धूम



**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** इंडस ग्लोबल में आनंद उत्सव कार्यक्रम मनाया गया जिसने स्कूल के श्क्ष1 से लेकर कक्षा 2 तक के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि वीरेंद्र भट ,मेयर नगर निगम मंडी, विशिष्ट अतिथि,अभिभावकों और शिक्षकों की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं गणपति वंदना से हुआ, जिसने पूरे माहौल को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

देश भक्ति से सराबोर नृत्य के माध्यम से नन्हे मुन्ने कलाकारों ने एकता और अखंडता का संदेश दिया। कश्मीरी, नृत्य और नाटी ने पारंपरिक लोकनृत्य, रंगीन परिधानों और लोकसंगीत के साथ सांस्कृतिक विविधता का मनोहारी चित्र प्रस्तुत किया।कार्यक्रम के अंत में पंजाबी प्रस्तुति ने जोश और ऊर्जा से भरपूर माहौल बना दिया, और रामायण की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया । तालियों की गड़गड़ाहट के बीच पूरा सभागार झूम उठा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को वर्ष भर के उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित भी किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में नन्हे मुन्ने कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियों की सराहना की और माता-पिता से गुजारिश की गई कि बच्चों पर किसी भी तरह का दबाव न डाला जाए ।

## जीवन को सफल बनाने के लिए भगवान का स्मरण, सत्संग और सेवा भाव को अपनाना आवश्यकः सुरजीत



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** घुमारवीं उपमंडल के अंतर्गत रनसल नगारवी में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का अंतिम दिन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के बीच संपन्न हुआ। कथा व्यास पंडित सुरजीत शर्मा ने अंतिम दिवस पर कहा कि भगवद गीता में मनुष्य योनि को समस्त योनियों में श्रेष्ठ बताया गया है, क्योंकि मनुष्य को ही ईश्वर भक्ति, सत्कर्म और आत्मचिंतन का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मनुष्य सांसारिक मोह.माया और भौतिक सुखों के पीछे भागते हुए भक्ति मार्ग से दूर होता जा रहा है, जिससे जीवन में अशांति और दुख बढ़ रहे हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि जीवन को सफल बनाने के लिए भगवान का स्मरण, सत्संग और सेवा भाव को अपनाना आवश्यक है।

भागवत कथा का आध्यात्मिक महत्व

पंडित सुरजीत शर्मा ने कथा के महत्व का वर्णन करते हुए बताया कि श्रीमद् भागवत महापुराण को सभी पुराणों में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त है। इसमें भगवान विष्णु के विभिन्न अवतारों, धर्म की स्थापना तथा अधर्म के विनाश का विस्तारपूर्वक वर्णन मिलता है। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य बाल लीलाएं, भक्त प्रह्लाद की अटूट श्रद्धाए ध्रुव की कठोर तपस्या तथा राजा परीक्षित और शुकदेव मुनि के संवाद के माध्यम से भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का संदेश दिया गया।

## मुक्तिधाम के विकास कार्यों में स्वेच्छा से आगे आएं दानी सज्जनः अनीश ठाकुर

**बिलासपुर, कश्मीर ठाकुर।**

मुक्तिधाम निर्माण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आज नवनिर्मित सराय में प्रधान रतनलाल शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें समिति द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। सर्वप्रथम मुक्ति धाम परिसर में बन कर तैयार हुई सराय के कार्य पर चर्चा हुई जो कि पूर्ण रूप से बन कर तैयार है, इस भवन पर 40 लाख रुपए का व्यय समिति द्वारा किया गया है। परिसर में सुंदर पार्क का कार्य भी लगभग पूर्णता की ओर है। इसके साथ ही मुख्य द्वार का कार्य भी प्रगति पर है। समिति के प्रवक्ता अनीश ठाकुर ने बताया कि आज की बैठक में श्मशान घाट के मुख्य स्थल के फर्श पर टाइल्स लगाने व उपयुक्त ढलान दे कर

# 18 अप्रैल को होने वाले ऐतिहासिक दंगल चैहड़ को लेकर की अखाड़े की पूजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** आगामी 18 अप्रैल को आयोजित होने वाले ऐतिहासिक दंगल चैहड़ के शुभारंभ से पूर्व दंगल कमेटी ने विधिवत रूप से मन्नत की चादर चढ़ाकर आयोजन का आगाज किया। इस अवसर पर कमेटी सदस्यों ने अखाड़े की वंदना कर दंगल की सफलता की कामना की। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष दंगल को नए स्वरूप में प्रस्तुत करने की तैयारियां जोरों पर हैं। जानकारी देते हुए दंगल कमेटी के प्रधान जोगेन्द्र जोगी, सचिव कमल ठाकुर तथा भारतीय शैली कुश्ती संघ के महासचिव दिनेश ठाकुर व सचिव विशाल ने बताया कि इस बार इंडियन स्टाइल कुश्ती एसोसिएशन के दिशा.निर्देशानुसार बड़े खिताब की एक विशेष कुश्ती भी करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस बार देशभर से बेहतरीन पहलवानों को आमंत्रित कर अखाड़े को नए रूप में कुश्ती प्रेमियों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। इस मौके पर जोगेन्दर जोगी, कमल ठाकुर, दिनेश ठाकुर, हरिया राम, बलवंत पटयाल, विशाल एडवोकेट राजेश शर्मा, विक्रम शर्मा, अश्वनी कुमार, अक्षु, संतोष रतवान, कैप्टन भाग सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।



## ट्रिपल 'एस' से 'सेवन एस' तक : प्रदेश को संकट में धकेल रही सुक्खू सरकार ': विश्व चक्षु

धर्मशाला : हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए इसे विकास विरोधी और दिशाहीन करार दिया है। उन्होंने वर्तमान सरकार की कार्यप्रणाली को 'ट्रिपल 'एस'' यानी सेल्फिश, स्कीम-लेस और शेमलेस की संज्ञा देते हुए कहा कि यह शासन अब 'सेवन एस' (सेल्फिश, स्कीम-लेस, शेम-लेस, स्टैंड-लेस, सस्पेक्ट, स्लो और स्पीच-लेस) के जाल में फंसकर प्रदेश को गहरे संकट की ओर धकेल रहा है।

# बिलासपुर फोरलेन पर हारमनी ऑफ द पाइंस का भव्य स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** हमीरपुर जिले के सुजानपुर टीरा में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय होली मेले में प्रस्तुति देने जा रही हिमाचल प्रदेश पुलिस की ऑर्केस्ट्रा बैंड हारमनी ऑफ द पाइंस टीम ने रविवार सुबह बिलासपुर में संक्षिप्त विराम लिया। शिमला से रवाना होकर टीम ने सुबह फोरलेन मार्ग पर औहर स्थित मिला कैफ़े एंड रेस्टुरेंट पहुंची जहां रेस्टोरेंट प्रबंधन और स्थानीय ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा व तिलक लगाकर भव्य स्वागत किया। रेस्टोरेंट संचालक राजेंद्र कुमार व राहुल गर्ग के आग्रह पर टीम ने विश्राम के बाद हिमालय की गोद में बसा, बर्फीली चोटियों से ढका ,मिलता है सुकून यहां, ऐसा है मेरा जहां...एक देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया । इस प्रस्तुति ने माहौल को देशभक्ति से सराबोर कर दिया और उपस्थित लोगों ने तालियों से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर विजय कुमार कर रहे हैं। उनके साथ एएसआई राजेश कुमार सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। मीडिया से बातचीत में इंस्पेक्टर विजय कुमार ने कहा कि होली नई शुरुआत और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। राष्ट्रीय स्तर के इस मेले में प्रस्तुति देना हमारे लिए गर्व की बात है। टीम पुलिस वर्दी में ही मंच पर उतरेगी । उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नशे पर प्रहार अभियान के तहत टीम संगीत के माध्यम से युवाओं को जागरूक करने का कार्य भी कर रही है। टीम सदस्य दीपिका ठाकुर, कार्तिक शर्मा और कृतिका तनवर ने भी अनुशासन, रियाज़ और सामाजिक संदेशों के महत्व पर जोर दिया। एएसआई राजेश कुमार, दीपू शर्मा, हितेश भारद्वाज, कार्तिक शर्मा, दीपिका ठाकुर, कृतिका तनवर, कशिश शांडिल, मनजीत सिंह, प्रशांत और आशीष कुमार आदि टीम सदस्यों ने बताया कि सुजानपुर टीरा में होने वाली प्रस्तुति को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।



# 7 मार्च को जिला जन शिकायत निवारण समिति की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार ने बताया कि जिला जन शिकायत निवारण समिति की बैठक 7 मार्च को प्रातः 11.00 बजे विपाशा सदन मंडी में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित जन शिकायतों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी संबंधित विभागों को आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दे दिए गए हैं। उन्होंने समिति के सभी गैर सरकारी सदस्यों से आग्रह किया कि वे जन शिकायतों की सूचना समय पर भेजें, ताकि बैठक में उनके निवारण की सुनवाई सुनिश्चित की जा सके।



# प्रदेश की शिक्षा की गुणवत्ता में हो रहा सुधार : केवल सिंह पठानिया

टीम एक्शन इंडिया

**शाहपुर।** प्रदेश सरकार ने प्रदेश के सभी तरह के शिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए प्रयास किया है जिसके सकारात्मक परिणाम अब देखने को मिल रहे हैं। न्यू चंडीगढ़ की तरह बनेगा न्यू चंगर यह उद्गार उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने स्नातक महाविद्यालय लंज के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि बनकर पहुँचने पर कहे। संबोधन के दौरान उन्होंने छात्रों को वार्षिक वितरण समारोह 2026 के भव्य आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा हमारे जीवन में छात्र जीवन का समय ऐसा समय होता है जो हमारे जीवन के भविष्य की दिशा को बनाने का काम करता है। उन्होंने कहा यह समय हमारी मेहनत करने का समय होता



है जो छात्र इस समय का सदुपयोग करते हैं कठिन परिश्रम करते हैं उनका भविष्य उज्जवल बनता है उन्होंने कहा वह स्वयं एवं छात्र राजनीति से निकलकर आज इस मुकाम पर पहुंचे हैं वे स्वयं खिलाड़ी बेहतर रहे हैं। उन्होंने सभी से छात्रों से छात्र जीवन में कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा प्रदेश की यशस्वी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में शिक्षा की गुणवत्ता में बड़े बदलाव किए जा रहे हैं सभी शिक्षण संस्थानों में बच्चों के लिए बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। प्राथमिक शिक्षा को इंग्लिश मीडियम करना, राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूलों को खोलने का निर्णय और प्रदेश में स्कूल सीबीएसई करने का निर्णय प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को गुणात्मक शिक्षा देने के लिए मील का पत्थर साबित होंगे।

## फोरलेन में मिल्ला रेस्टोरेंट में रूकी ऑर्केस्ट्रा बैंड हारमनी ऑफ द पाइंस टीम माहौल हुआ खुशनुमा



टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर।** हमीरपुर जिले के सुजानपुर टीहरा में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय होली मेले में प्रस्तुति देने जा रही हिमाचल प्रदेश पुलिस की ऑर्केस्ट्रा बैंड हारमनी ऑफ द पाइंस टीम ने रविवार सुबह बिलासपुर फोरलेन पर स्थित मिल्ला कैफे एंड रेस्टोरेंट में रूके। शिमला से रवाना होकर टीम ने सुबह मिल्ला रेस्टोरेंट पहुंची जहां रेस्टोरेंट प्रबंधन और स्थानीय ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा व तिलक लगाकर भव्य स्वागत किया। रेस्टोरेंट संचालक राजेंद्र कुमार व राहुल गर्ग के आग्रह पर टीम ने विश्राम के बाद हिमालय की गोद में बसा बर्फीली चोटियों से ढका, मिलता है सुकून यहां, ऐसा है मेरा जहां, एक देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति ने माहौल को देशभक्ति से सराबोर कर दिया और उपस्थित लोगों ने तालियों से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

# जापानी फल के ग्राफ्टिंग के लिए उपयुक्त समय है फरवरी मार्च : इंद्र प्रकाश

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर।** किसानों और बागवानों को अपनी आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए समयानुसार अपनी सोच और खेती में बदलाव लाना चाहिए। ऐसे में नए अविष्कारों के साथ.साथ नई उन्नत खेती की किस्मों पर ध्यान देकर प्रयोगात्मक दृष्टि से फसल उगानी चाहिए। यह कहना है कि सिरमौर जिला की राजगढ़ तहसील के गांव ढलैण के प्रगतिशील ग्राफ्ट स्पेशलिस्ट इंद्र प्रकाश कश्यप का। इंद्र प्रकाश इन दिनों कुसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र शिमला की पीरन पंचायत के गांव धाली बागड़ा में जापानी फल यानि पॉर्सिमॉन की ग्राफ्टिंग कर रहे हैं। यहां के किसानों द्वारा इन्हें विशेष रूप से राजगढ़ से यहां ग्र्राफ्टिंग के लिए



आमंत्रित किया गया है। इस नए अनुभव को लेकर इंद्र प्रकाश ने बताया कि जापानी फल की बाजार में बहुत मांग है तथा यह दो सौ से लेकर तीन.चार सौ रूपए तक आसानी से बिकता है। उन्होंने बताया कि कुल्लु जिला से इसकी कलम मंगवाई जाती है तथा वे महलूक पौधे पर इसकी ग्राफ्टिंग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पॉर्सीमॉन यानि जापानी फल की ग्राफ्टिंग के लिए फरवरी और मार्च का महीना सबसे उत्तम होता हैए क्योंकि इस समय पौधा निष्क्रिय होता है। उन्होंने बताया कि करीब चार या पांच साल बाद यह पौधा फल देना शुरू कर देता है। उन्होंने कहा कि शिमलाए सिरमौर और अन्य ठंडे स्थानों पर इसकी उत्पादन क्षमता तेजी से विकसित होती है जबकि गर्म स्थानों पर भी इस पौधे को लगाने के प्रयोग सफल सिद्ध हुए हैं। इंद्र प्रकाश ने बताया कि वह और उनके सहयोगी जय सिंह विशेष रूप से यहां जापानी फल की कलम करने के लिए आए हैं। उन्होंने कहा कि दिन में करीब दो सौ पौधों की कलम आसानी से हो जाती है। उन्होंने बताया कि कलम करने के लिए एकाग्रता और सयंम जरूरी है। वहीं स्थानीय किसान अनोखी राम, सत्य प्रकाश कश्यप, कुलदीप, सुरेश, आशा, रंजना, नरेश, ममता, शीला दत्त, संजू, लीला दत्त आदि

# कुल्लू साहित्य उत्सव-2026 में बहुभाषी कवि-सम्मेलन आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
श्याम कुल्वी

**कुल्लू।** कुल्लू साहित्य उत्सव-2026 में बहुभाषी कवि-सम्मेलन आयोजन किया गया, जिसमें हिमाचल प्रदेश तथा बाहर के राज्यों के नवोदित व स्थापित कवियों ने किया कविता पाठ किया। उत्सव के प्रथम दिवस के कवि-सम्मेलन की अध्यक्षता प्रो. रेखा वशिष्ठ ने की जबकि इसमें पौमिला ठाकुर, वैशाली विष्ट, प्रो. पान सिंह, दीप्ति सारस्वत प्रतिमा, रमेश चन्द्र मस्ताना, प्रभात शर्मा, प्रशांत रमण रवि, सूरत ठाकुर , रत्न चंद निहार मुरारी शर्मा, पवन चौहान, गंगाराम राजी, प्रो. वरयाम सिंह,



रूपेश्वरी शर्मा पर्यावरण तथा अन्य समसामयिक विषयों पर कविता पाठ किया। दूसरा दिन के कवि-सम्मेलन की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड के सेवानिवृत्त सचिव एवं लेखक प्रभात शर्मा ने की। इस कवि-सम्मेलन में प्रो,. रतन नेगी, डॉ. लीना वैद्य, राजू मस्ताना, कृष्णा ठाकुर, डॉ, महि योगेश, डॉ. संजू पॉल, रेखा गक्खड़, लगन, मुस्कान मणि, प्रो. संगीता, ईशिता आर. गिरीश, रमेश पठानिया, आदि

## चतुर्थ श्रेणी पेंशनर्स के ग्रेच्युटी व अवकाश नकदीकरण एरियर पर ट्रेज़री की टालमटोल

कांगड़ा। हिमाचल प्रदेश सरकार के वित्त विभाग द्वारा दिनांक 25 फरवरी, 2026 को जारी स्पष्ट निर्देशों के बावजूद चतुर्थ श्रेणी के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के ग्रेच्युटी एवं अवकाश नकदीकरण के एरियर बिलों को ट्रेज़री कार्यालयों द्वारा न तो विधिवत स्वीकार किया जा रहा है और न ही उनका भुगतान पारित किया जा रहा है। यह स्थिति न केवल सरकारी आदेशों की खुली अवहेलना है, बल्कि प्रदेश के सबसे निम्न आय वर्ग के पेंशनर्स के साथ सीधी प्रताड़ना भी है प्रैस के नाम जारी एक वक्तव्य में हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट के राज्य प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने बताया कि जनवरी 2016 और जनवरी 2022 के कालखंड दौरान रिटायर हुए पेंशनर्स अपने सेवानिवृत्ति पर मिलने वाले वित्तीय लाभों के भुगतान के लिए

## बंजार महाविद्यालय में शिक्षकों के रिक्त पदों पर सरकार की चुप्पी शर्मनाक : शौरी

टीम एक्शन इंडिया
श्याम कुल्वी

**कुल्लू।** बंजार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राजकीय महाविद्यालय बंजार में अंग्रेज़ी, केमिस्ट्री एवं संस्कृत विषयों के प्रवक्ताओं के पद पिछले लगभग एक वर्ष से रिक्त पड़े हैं। यह स्थिति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। इन महत्वपूर्ण विषयों में नियमित शिक्षकों की अनुपस्थिति के कारण महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है तथा विद्यार्थी पलायन को मजबूर हो रहे हैं। कभी लगभग 1100 विद्यार्थियों की संख्या वाला यह महाविद्यालय आज घटकर मात्र 600 विद्यार्थियों तक सिमट गया है। यह केवल एक आँकड़ा नहीं, बल्कि सरकार की शिक्षा नीति की विफलता का प्रमाण



है। जब विद्यार्थियों को अपने ही क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध नहीं होगी, तो वे अन्य स्थानों की ओर रुख करेंगे ही। यह अत्यंत आश्चर्यजनक है कि निकटवर्ती कुल्लू महाविद्यालय में केमिस्ट्री विषय के 7 प्रवक्ता कार्यरत हैं। यदि सरकार वास्तव में संवेदनशील होती, तो प्रतिनियुक्ति के माध्यम से कम से कम एक या दो प्रवक्ताओं को बंजार महाविद्यालय में भेजकर पढ़ाई को सुचारू किया जा सकता था। परंतु ऐसा प्रतीत होता है

## संक्षिप्त खबरें

### संगड़ाह कॉलेज के 200 छात्रों ने सीखा बिजनेस मैनेजमेंट



टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

**नाहन।** राजकीय महाविद्यालय संगड़ाह जिला सिरमौर में प्री-ग्रामीण उष्मायन केंद्र के तहत विश्व बैंक एवं भारत सरकार के सहयोग से उद्योग विभाग , हिमाचल प्रदेश द्वारा संचालित रैंप ( RAMP ) योजना के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश उद्यमिता विकास केंद्र ( HPCED ) की कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा चल रहे 3 दिवसीय EDP वर्कशॉप का आज समापन हुआ। इस अवसर पर डॉ. मीनू प्रभाकर (प्रधानाचार्य राजकीय महाविद्यालय संगड़ाह) , डॉ अनिल कुमार शर्मा (अध्यक्ष द प्लैनेट एजुकेशन सोसायटी ), राजेंद्र ठाकुर (zio founder) , प्रो. संदीप कुमार (राजकीय महाविद्यालय संगड़ाह) , राजेश शर्मा स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। लगभग 200 से अधिक विद्यार्थियों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया और बिजनेस मॉडल कैनवास , डिजिटल मार्केटिंग और फाइनेंशियल लिटरेसी के गुर सीखे। डॉ अनिल कुमार शर्मा ने बिजनेस मॉडल कैनवास और फाइनेंशियल लिटरेसी पर तथा राजेन्द्र ठाकुर ने विद्यार्थियों को डिजिटल मार्केटिंग पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। कार्यक्रम का समापन उद्यमिता एवं स्वरोजगार के प्रति जागरूकता और प्रोत्साहन के संदेश के साथ हुआ। इस पहल के तहत ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भरता एवं नवाचार की दिशा में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया गया। महाविद्यालय संगड़ाह के स्टाफ और विद्यार्थियों का इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### बोगधार और बढ़ोल स्कूलों के विद्यार्थियों ने लिया पर्यटन बिषय का व्यावहारिक प्रशिक्षण : मेला राम

अल्फा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरठीं में फेयरवैल पार्टी का भव्य आयोजन
फोटो सहित बीएलपी-8

बिलासपुर, कश्मीर ठाकुर। अल्फा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरठीं में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, प्रबंधन समिति के सदस्य तथा छात्र.छात्राएं उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। जूनियर विद्यार्थियों ने सीनियर्स के साथ बिताए गए पलों को याद करते हुए उन्हें जीवन की नई यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य ठाकुरदास शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अनुशासन, परिश्रम और उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने, ईमानदारी और कड़ी मेहनत के साथ जीवन में आगे बढ़ने तथा

### चंद्र ग्रहण के चलते 3 मार्च को बाला सुंदरी मन्दिर त्रिलोकपुर के कपाट दिन भर बन्द रहेंगे



टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

नाहन। दिन मंगलवार को होने वाले चंद्र ग्रहण के कारण महामाया बाला सुंदरी मंदिर त्रिलोक पुर कपाट दिन भर के लिए बन्द रहेंगे। चंद्र ग्रहण के कारण इस अव धि के दौरान श्रद्धालु महामाया दर्शन व पुजा अर्चना नही कर सकेंगे। मन्दिर ट्रस्ट के सहायक आयुक्त एसडीएम नाहन राजीव संख्यान ने बताया कि प्रात: 6:20 से लेकर सांय 6: 47 बजे तक बाला सुंदरी मन्दिर त्रिलोक पुर कपाट बंद रहंगे। इस ग्रहण का सूतक 3 मार्च, 2026 ई. को प्रात: 6घं.-20मिं. (भा.स्टैं.टा.) से ही प्रारम्भ हो जाएगा। शुद्ध (ग्रहण-मोक्ष) चन्द्र-बिम्ब के दर्शन एवं तर्पण करने के बाद ही सभी धार्मिक कार्य हो सकेंगे।

## चालक व परिचालक का स्वास्थ्य सड़क सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण-मनमोहन



टीम एक्शन इंडिया
मनीष

**सोलन।** सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत आज यहां नि:शुल्क नेत्र जांच, सड़क सुरक्षा जागरूक नियम एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने की। मनमोहन शर्मा ने कहा कि चालक, परिचालक व अन्य कर्मियों का स्वास्थ्य सड़क सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना और चालकों व परिचालकों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञों द्वारा बस, ट्रक, टैक्सी और ऑटो चालकों की आंखों की विस्तृत जांच की गई। चिकित्सकों द्वारा सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत चालकों को अपनी आईसाइट दुरुस्त रखने के लिए सुझाव भी दिए गए। चालकों को लंबी दूरी की ड्राइविंग के दौरान स्वास्थ्य का ध्यान रखने के तरीके भी बताए गए। शिविर में परिवहन क्षेत्र से जुड़े कर्मियों ने मानवता की सेवा के लिए रक्तदान भी किया। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सोलन कविता ठाकुर ने इस अवसर पर कहा कि विभाग का यह प्रयास भविष्य में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए लोगों को सड़क सुरक्षा के विषय पर अधिक से अधिक जागरूक किया जा सके।

# मंडी की गलियों में आज उड़ेगा अबीर गुलाल, यहां गैरों पर रंग नहीं डालता कोई



टीम एक्शन इंडिया
खेमचंद शास्त्री

**मंडी।** मंडी में राजदेवता माधवराय भी होली के रंग से सराबोर रहते हैं। सोमवार को मंडी की गलियों में जमकर अबीर गुलाल उड़ेगा। मंडी की होली देश में मनाई जाने वाली होली से एक दिन पूर्व मनाई जाती है। इस दिन सुबह से ही होली खेलने वालों की टोलियां शहर के मुख्य बाजारों में उमड़ने लगती है। मंडी की होली की खासियत यह है कि यहां गैरों पर रंग नहीं डाला जाता। बिना जान पहचान के किसी पर रंग नहीं डालते और महिलाएं भी बाजार में होली खेलने आती है। राजदेवता माधोराय की भागीदारी तो रियासतकाल से ही होली में रही है। उस जमाने में मंदिर के प्रांगण में पीतल के बड़े बर्तनों में रंग घोला जाता था। राजा अपने दरबारियों के साथ यहां होली खेलता था। यही नहीं राजा घोड़े पर सवार होकर प्रजा के बीच भी होली खेलने जाता था। उस समय स्थानीय स्तर पर प्राकृतिक रंगों की महक से होली की रंगत सराबोर होती थी। होली की यह मस्ती मंडी में माधोराय की जलेब निकलने के पश्चात समाप्त हो जाती है। वहीं पर मंडी जनपद के ग्रामीण अंचलों में होली का उल्लस और जोश देखते ही बनता है। गांवों में अबीर गुलाल के अलावा प्राकृतिक रंगों की होली खेली जाती रही है। चीड़ और देवदार के पराग के रूप में निकलने वाला पीला पदार्थ जिसे स्थानीय बोली में पठावा कहा जाता है। इसे इक्टठा करके होली इसका उपयोग किया जाता है। आमतौर देवताओं को तिलक लगाने में भी पठावे का उपयोग किया जाता है। इस दिन कांभल नामक वृक्ष की टहनी को फाग के रूप में जलाने की परंपरा है। इसके पीछे मान्यता यह है कि जिस तरह से होली का दहन हुआ है, उसी प्रकार रोग और दरिद्रता का भी फाग की इस आग में जल कर भस्म हो जाए। जिससे घर गांव में खुशहाली और समृद्धि आएगी। इस अवसर पर गांव की महिलाएं चावल के आटे का पकवान चिलहड़ू बनाती है। जिसे दूध और घी के साथ खाया जाता है। हिमाचल की वादियों में होली प्रकृति और मानव के बीच के रिश्तों को सार्थकता प्रदान करते हुए प्रकृति और मानवीय उल्लास के रंगों से सराबोर रहती है। पहाड़ की होली में रंगों और खुशबूओं का अनूठा सामंजस्य होता है। यहां की होली ब्रज की होली की तरह राधा कृष्ण की प्रेम लीला के रंग से सराबोर नहीं होती और न ही बरसाना की लठमार होली का इतिहास यहां से जुड़ा है। इसके बावजूद हिमाचल की होली राजतंत्र के जमाने से ही जहां राजा और प्रजा को एक रंग में रंग देती थी। वहीं पर ग्रामीण अंचलों में फाग के रूप में मनाए जाने वाले इस त्योहार में प्रकृति और मानवीय समृद्धि की भावना जुड़ी हुई है

## 7 दिवसीय वाटर सेफ्टी और रेस्क्यू कोरस का समापन



श्याम कुल्वी

**कुल्लू।** अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं राफ्टिंग सेंटर पिरदी एवं जिला आपदा प्रबंधन भीभाग कुल्लू के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का विधिवत समापन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि हिमाचल प्रशासनिक सेवा रेवन्यू अधिकारी जिला कुल्लू सुरभि नेगी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की , सेंटर प्रभारी गीमनर सिंह ने बताया कि कोरस में जल एवं थल क्रीड़ा , रेस्क्यू एवं अन्य गतिविधियों की ट्रेनिंग दी गई, प्रभारी ने बताया कि आने वाले समय मे आपदा के दौरान यह सवयसेवी अपनी सेवाए समाज एवं प्रदेश को देंगे ,समापन समारोह में आपदा मित्रो को प्रमाण पत्र , कोरस बैच, एवं आपदा किट भी दी गई , जिसमे टेक्निकल रोप, रेस्क्यू टोरच, जूते, आपदा बैग, हेलमेट, लाइफ जैकेट एतियादि जरूरी उपकरण दिए गए

## कोलका गांव को मिली पक्की सड़क, ग्रामीणों ने जताया पीसीसी पूर्व महासचिव विवेक कुमार का आभार



टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गांव कोलका के लोगों को अब बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी। इस गांव की सड़क को पक्का कर दिया गया है। इसका लाभ यहां से गुजरने वाले लोगों को मिलेगा। ग्रामीणों द्वारा इस सड़क की समस्या को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव एवं झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार के समक्ष रखा गया था। अब इन लोगों की समस्या का समाधान हुआ है। रविवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव एवं झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने कोलका गांव की पक्की सड़क का उदघाटन किया। स्थानीय लोगों ने विवेक कुमार का पहुंचने पर स्वागत किया। ग्रामीणों द्वारा विवेक कुमार को अन्य समस्याओं से भी अवगत करवाया गया। जल्द ही इन सभी समस्याओं के समाधान का भी आश्वासन दिया गया। विवेक कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से ग्रामीण स्तर पर लोगों को बेहतर सडक सुविधा मुहैया करवाई जा रही है।

**Himachal Pradesh**
**Public Works Department**
**NVITATION FOR BIDS (IFB)**

The Executive Engineer, Haroli Division HPPWD Haroli on behalf of Governor of Himachal Pradesh invites the Percentage rate bids, in electronic tendering system from the eligible class of contractors registered with HPPWD for the works as detailed in the table: -

| S.No. | Name of work | Estimated Cost (In Rs.) | Starting date for downloading bid | Earnest Money (In Rs.) | Deadline for submission of bids | Time limit | Eligible class |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | C/o Rain Shelter at village Panjawar on PanjawarBathri road Km 0/0 to 34/00 SH C/o Rain Shelter at RD 1/550 | 20,19,952/- | 02.03.2026 (09.30 AM) | 37,800/- | 07.03.2026 (10.30 AM) | Three Months | D&C |

The Technical bid will be opened on **07.03.2026 at 11.00 AM** . The bidders are advised to note other details of tenders from the department website www.hptenders.gov.in

RO No. 6777/2025-2026

Executive Engineer,
HPPWD Division Haroli
Distt.Una (HP) Pin Code-177220
Telephone: 01975-294822
Email Id: ee-haroli-hp@hp.gov.in
On behalf of Governor of Himachal Pradesh

## चांदपुर के सौरव ने राष्ट्रीय अखाड़े में लहराया परचम, अंडर-15 ग्रीको रोमन में जीता स्वर्ण



टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले की ठाकुर कुश्ती अकादमी चांदपुर के युवा पहलवान सौरव ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। तमिलनाडु में आयोजित अंडर-15 ग्रीको रोमन राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के 38 किलोग्राम भार वर्ग में सौरव ने दमदार मुकाबले खेलते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। सौरव की इस उपलब्धि ने न केवल अकादमी बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया है। कठिन मुकाबलों के बीच सौरव ने संयम, तकनीक और आक्रामक खेल का बेहतरीन संतुलन दिखाया। फाइनल मुकाबले में उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी पर निर्णायक बढ़त बनाकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। खास बात यह है कि ग्रीको रोमन शैली में इस आयु वर्ग में स्वर्ण जीतने वाले सौरव प्रदेश के गिने-चुने खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं। उनकी सफलता के पीछे निरंतर अभ्यास, अनुशासन और प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन अहम रहा है।

इस उपलब्धि पर हिमाचल कुश्ती संघ के पदाधिकारियों सहित जिला बिलासपुर कुश्ती संघ ने हर्ष व्यक्त किया है। संघ के पदाधिकारियों ने इसे प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया और उम्मीद जताई कि सौरव भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश का नाम रोशन करेंगे।

## यूजीसी के मुद्दे पर बढ़ते तनाव को शांत करने हेतु स्वर्ण समाज आयोग का गठन अनिवार्य

कांगड़ा। यूजीसी से जुड़े हालिया विवादों को लेकर प्रदेश में उभर रहे असंतोष पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए समाज सेवा में समर्पित इन्साफ संस्था के अध्यक्ष एवं पालमपुर के पूर्व विधायक प्रवीन कुमार ने कहा कि इतिहास साक्षी है—जब भी देश में जातीय आधार पर राजनीति को हवा दी गई, उसके दूरगामी दुष्परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि अंग्रेज भले ही देश छोड़कर चले गए, परंतु विभाजन के जो बीज उस समय बोए गए, वे आज भी भारतीय समाज में समय-समय पर उगते दिखाई देते हैं। यदि शासन व्यवस्था सामाजिक संतुलन के बजाय विभाजन की रेखाओं पर आधारित प्रतीत हो, तो इससे समाज में अनावश्यक तनाव पैदा होता है। लोकतंत्र की मजबूती समरसता से होती है, विभाजन से नहीं। प्रवीन कुमार ने स्मरण दिलाया कि नब्बे के दशक में मंडल आयोग की सिफारिशों को लेकर जो देशभर में व्यापक सामाजिक उथल-पुथल देखने को मिली। उस दौर में उग्र आंदोलन, सामाजिक तनाव और दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं ने राष्ट्र को झकझोर करके रख दिया था।

# संपादकीय

## समष्टि चित्त का उल्लास

**मनुष्य** जीवन का अस्तित्व, पोषण और उत्थान पारस्परिक संबंधों के बीच ही संभव है। यह तथ्य सर्वविदित है किंतु आज के सामाजिक जीवन में अकेले व्यक्ति के अपने अहंकार का अभिमान इतना प्रचंड होता जा रहा है कि वह सबकुछ भूल कर उसके विस्तार के लिए किसी भी तरह की हिंसा का सहारा लेने से नहीं चूकता। वह सिसृक्षा के मूल आशय को भी भूल जाता है। यह विश्वात्मा की एक से अनेक होने- एकोहं बहुस्याम्- की उद्दाम आकांक्षा ही थी जो सृष्टि में सृजन का व्याज बनी। कहते हैं अन्य को रच कर विश्वात्मा ने उस रचना में स्वयं उपस्थित होकर उसे अनन्य बना दिया। आज भी दूसरों के साथ जुड़ाव जीवन के स्पंदन का आधार बना हुआ है। प्रगाढ़ रिश्तों की उदार विशालता से व्यक्ति, समुदाय और देश सकारात्मक रूप से सक्रिय होते हैं और उसके अभाव में बिखर कर टूट जाते हैं। इस सत्य को भारतीय समाज ने बहुत पहले आत्मसात किया था और संगच्छध्वम् संवधध्वम् संवो मनांसि जानताम् का उद्घोष किया था। इस भाव को अपने जीवन में उतारने के लिए वर्षभर अनेक उत्सवों और पर्वों की संकल्पना की गई जिसमें व्यक्ति अपने सीमित स्व से ऊपर उठकर अपने को सबमें और सबको अपने में देखने की चेष्टा करता है। ऐसा करते हुए मनुष्य न केवल समाज बल्कि प्रकृति के साथ भी एकाकार होने की संभावना को तलाशता रहता है। इसी में आनंद मिलता है जो जीवन का प्रयोजन है। होली का उत्सव इसी लौकिक तलाश का मूर्त रूप है। होली वसंत में मनाई जाती है जब पूरी सृष्टि में एक साथ उल्लास के बीज का विस्फोट दिखता है। प्रसिद्धि है कि नया रमणीय होता है इसलिए सबके मन को भाता है। नए के लिए मन में उत्सुकता और उमंग होती है। अज्ञात और अनागत का आकर्षण वसंत के आगमन में चतुर्दिक दिखता है। उत्साह के साथ होली में एक कि स्म का उन्माद का भाव आता है जब हम अपने को भुला कर आनंद का अनुभव करते हैं। प्रकृति में परिवर्तन का संदेश राग और अनुराग के कोमल भावों को जीवित करता है। वह यही कहता है कि सालभर जिन सफलताओं और विफलताओं का मीठा कड़वा अनुभव करते रहे हैं उन सबसे आगे बढ़कर या परे जाकर जीवन क्रम के नाटक का नया अंक शुरू करें। होली का उत्सव पुराने का आतंक भूल नए चित्र कैनवस पर उकेरने की पुकार लगाता है। भारत में ऋतुराज वसंत इस दृष्टि से अनोखा और समृद्ध होता है कि इसके आगमन के साथ ठंड को किनारे कर प्रकृति अपने सौंदर्य की ऊष्मा का सारा संचित खजाना लुटाने के लिए व्यग्र हो उठती है। वसंत के निजी दूत बने पशु-पक्षी गाकर, तरु, लता, गुल्म, और पादप नव किसलय और पुष्प के साथ सज-धज कर बड़ी मुस्तैदी से इस मस्ती भरी असीम व्यग्रता का डंका बजाते हैं। नवलता वसंत में उमग पड़ती है- नवल कुसुम नव पल्लव साखा, कूजत नवल मधुर पिक कीर। वायुमंडल में भी बदलाव आता है और फागुन की मदमाती बयार हर किसी के चित्त को उन्मथित किए देती है। यह सब कमोबेश एक व्यवस्थित क्रम में कालचक्र की निश्चित गति से आयोजित होता है।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# खामेनेई की मौत और दस देश एक साथ निशाने पर



**ओंकारेश्वर पाण्डेय**

> “इंटरनेशनल के मुताबिक, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि चीन अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ शुरू किए गए सैन्य हमलों से अत्यधिक चिंतित है। हम सैन्य कार्रवाइयों को तत्काल बंद करने का आान करते हैं। लेकिन इससे भी अहम बात ग्लोबल टाइम्स ने छापी है। संयुक्त राष्ट्र में चीन के स्थायी प्रतिनिधि फू कोंग ने सुरक्षा परिषद की आपात बैठक में कहा यह चौंकाने वाला है कि ये सैन्य हमले उस समय हुए जब अमेरिका और ईरान के बीच राजनयिक वार्ता चल रही थी ”

28 फरवरी 2026 की सुबह ने मध्य पूर्व की तस्वीर हमेशा के लिए बदल कर रख दी। अमेरिका और इजराइल ने मिलकर ईरान पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए। और कुछ ही घंटों के भीतर ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पूरे खाड़ी क्षेत्र में फैले अमेरिकी ठिकानों को निशाना बना दिया। अबू धाबी, दुबई, दोहा, मनामा, कुवैत सिटी, रियाद... एक के बाद एक खाड़ी की राजधानियाँ मिसाइल हमलों की चपेट में आ गईं। लेकिन असली धमाका उसके बाद हुआ, जब ईरानी सेना ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की घोषणा कर दी। कयास लगाए गये कि हमले ईरान के सर्वोच्च नेता को निशाने पर रखकर किये गये। और आखिरकार 1 मार्च की सुबह ने उस तस्वीर पर आधिकारिक मुहर लगा दी। तेहरान की सड़कों पर सन्नाटा था फिर अचानक एक आवाज गूंजी - इंतकाम! टीवी स्क्रीन पर टीवी की एंकर रो रही थीं। लाइव ऑन एयर। उन्होंने नहीं रोका खुद को। आंसू बह रहे थे, आवाज लड़खड़ा रही थी, लेकिन शब्द साफ थे - ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई अब इस दुनिया में नहीं रहे।

86 साल की उम्र में, 28 फरवरी 2026 की उस सुबह, जब अमेरिका और इजराइल के लड़ाकू विमानों ने तेहरान के उस इलाके को निशाना बनाया, जहां खामेनेई का कंपाउंड था। ईरान के इतिहास में उन्हें 'शहीद' का दर्जा दिया गया है। ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना ने इसकी पुष्टि की।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पोस्ट में लिखा - खामेनेई, इतिहास के सबसे बुरे लोगों में से एक, मर चुका है।

ईरान ने 40 दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा कर दी है। तेहरान की सड़कों पर लाखों लोग उमड़ पड़े हैं। डेथ टू अमेरिका, डेथ टू इजराइल के नारों से आसमान गूंज रहा है। यह सब उस नेता के लिए हो रहा है जिसने 35 साल तक ईरान की कमान संभाली और अमेरिका को महाशैतान कहने में कभी संकोच नहीं किया।

**होर्मुज बंदः दुनिया की जीवनरेखा पर ताला**

खामेनेई की मौत की पुष्टि के साथ ही ईरान ने वो कर दिखाया, जिसकी आशंका ने पूरी दुनिया की नींद उड़ा दी थी। [illegible] ने आधिकारिक तौर पर होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की घोषणा कर दी है। पीपल्स डेली के मुताबिक, ने हाई-फ्रीक्वेंसी रेडियो के जरिए सभी जहाजों को संदेश भेजा कि किसी भी जहाज को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने का अधिकार नहीं है। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति की वो नस है, जहां से हर दिन लगभग 2 करोड़ बैरल कच्चा तेल गुजरता है। यह वैश्विक समुद्री तेल व्यापार का 20 से 30 प्रतिशत है। इसे बंद करने का मतलब है कि सऊदी अरब, इराक, कुवैत, यूएई, कतर जैसे देशों का तेल और एलएनजी निर्यात ठप। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे तेल की कीमतें 120 डॉलर प्रति बैरल तक जा सकती हैं। वैसे ईरान का यह कदम आत्मघाती भी माना जा रहा है, क्योंकि उसका खुद का तेल निर्यात भी इसी रास्ते से होता है। लेकिन यह उसकी 'दोधारी तलवारों वाली' रणनीति है कि अगर मैं डूबूंगा तो दुनिया को भी साथ ले डूबूंगा।

**दस देश एक साथ निशाने पर**

खामेनेई की मौत के बाद ईरान चुप बैठेगा, ऐसा नहीं लगता। 'ऑपरेशन सच्चा वादा-4' शुरू किया है, इसके तहत शनिवार देर रात तक दस देशों में अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइलें और ड्रोन बरसाए गए। बहरीन जो अमेरिकी नेवी के पांचवें बेड़े का मुख्यालय है,वह सीधे निशाने पर है। इसके अलावा कतर के अल-उदैद एयरबेस (सबसे बड़ा अमेरिकी बेस),कुवैत के अल-सलेम एयरबेस पर मिसाइल दागी गई

यूएई में दुबई में एक लग्जरी होटल में आग लग गई है। जॉर्डन, सऊदी अरब, इराक, इजराइल भी हमले की चपेट में हैं।

अमेरिका ने दावा किया कि उसके किसी सैनिक की मौत नहीं हुई और नुकसान मामूली है लेकिन ईरानी मीडिया के मुताबिक, होर्मुजगान प्रांत में एक गर्ल्स स्कूल पर अमेरिकी-इजराइली हमले में 115 बच्चियां मारी गईं। कुल मिलाकर 201 लोगों की मौत की पुष्टि ईरानी रेड क्रेसेंट ने की है।

**चीन की प्रतिक्रियाः बातचीत के दौरान हमला चौंकाने वाला**

चीन ने इस मामले में बेहद सावधानी से अपना रुख साफ किया है। इंटरनेशनल के मुताबिक, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि चीन अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ शुरू किए गए सैन्य हमलों से अत्यधिक चिंतित है। हम सैन्य कार्रवाइयों को तत्काल बंद करने का आान करते हैं।

लेकिन इससे भी अहम बात ग्लोबल टाइम्स ने छापी है। संयुक्त राष्ट्र में चीन के स्थायी प्रतिनिधि फू कोंग ने सुरक्षा परिषद की आपात बैठक में कहा यह चौंकाने वाला है कि ये सैन्य हमले उस समय हुए जब अमेरिका और ईरान के बीच राजनयिक वार्ता चल रही थी। उन्होंने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों के खिलाफ बताया और कहा कि नागरिकों की सुरक्षा की लाल रेखा को कभी पार नहीं किया जाना चाहिए। बल का अंधाधुंध इस्तेमाल अस्वीकार्य है।

**रूस का रुखः कूटनीति का विश्वासघात**

रूस ने सबसे सख्त रुख अपनाया है। रूसी न्यूज एजेंसी के मुताबिक, संयुक्त राष्ट्र में रूस के स्थायी प्रतिनिधि वसीली नेबेंजा ने कहा है कि ईरान के खिलाफ यह आक्रमण पहले ही क्षेत्रीय संघर्ष में बदल चुका है और इसके मध्य पूर्व की सीमाओं से कहीं आगे तक फैलने की संभावना है। उन्होंने इसे कूटनीति का असली विश्वासघात बताया और कहा कि जब वार्ता पूरे जोरों पर थी, तब इन देशों ने ईरान के खिलाफ फिर से सैन्य बल का इस्तेमाल किया। रूसी विदेश मंत्रालय के आधिकारिक बयान के मुताबिक, रूस ने इस हमले को जानबूझकर, पूर्व-नियोजित और बिना उकसावे की सशस्त्र आक्रामकता बताया है। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि हम तत्काल राजनीतिक और राजनयिक रास्ते पर लौटने का आान करते हैं। रूस शांतिपूर्ण समाधान में मदद के लिए तैयार है।

**अमेरिका में कमला हैरिस विरोध में**

अमेरिका के भीतर भी इस युद्ध का विरोध शुरू हो गया है। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने 28 फरवरी को एक सख्त बयान जारी किया। जिसमें कहा है कि डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका को उस युद्ध में घसीट रहे हैं, जो अमेरिकी जनता नहीं चाहती। मैं साफ कर दूं - मैं ईरान में रिजीम चेंज वार का विरोध करती हूं। हमारे सैनिक ट्रंप की पसंद के युद्ध के लिए खतरे में डाले जा रहे हैं। उन्होंने ट्रंप पर चुनावी वादा तोड़ने का आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान ट्रंप ने युद्ध शुरू करने के बजाय खत्म करने का वादा किया था। यह झूठ था।

**ट्रंप का रुखः अभी इम्युनिटी, बाद में डेथ**

ट्रंप ने खामेनेई की मौत के बाद ईरानी सेना और पुलिस से अपील की है। उनके ट्रुथ सोशल पोस्ट में लिखा था - खामेनेई, इतिहास के सबसे बुरे लोगों में से एक, मर चुका है। यह सिर्फ ईरान के लोगों के लिए न्याय नहीं, बल्कि उन सभी महान अमेरिकियों और दुनिया भर के उन लोगों के लिए न्याय है।



# होली भारतीय संस्कृति के आंतरिक सौंदर्य का प्रतिक

**नरेंद्र तिवारी**

**भारतीय** संस्कृति अपनी उत्सव धर्मिता के फलस्वरूप दुनियाँ को अपनी और आकर्षित करती है। उत्सव धर्मिता का सौंदर्य ही इसे खास बनाता है। इन्ही उत्सव एवं तीज त्योहारों की निरंतर चलती प्रक्रिया मे होली भी शामिल है। यह पर्व यूँ तो होलिका दहन से रंग पंचमी तक मनाया जाता है, किंतु फाल्गुन माह मे इसे फाग उत्सव के रूप मे सम्पूर्ण माह बनाने की परम्परा भी लम्बे समय से प्रचलित है। होली अधर्म पर धर्म की विजय और समानता का संदेश देती है, रंगों का यह महापर्व मन के मेल को धो देने का महत्वपूर्ण अवसर है।

होली के अनेकों रंग है, यह भारतीय उत्सव परम्परा का एक प्रमुख पर्व है। हर उत्सव के अपने संदेश होते है, होली उत्सव का भी अपना संदेश है। एक और होलिका दहन भक्त प्रहलाद की धार्मिक आस्थाओं की विजय का उद्घोष है। अपने पिता हिरण्य कश्यप की धर्म विरोधी मानसिकता का सबसे प्रबल विरोधी यदि कोई था तो वह उसका स्वयं का पुत्र भक्त प्रहलाद जो धर्म, दया, सदमार्ग का प्रतिक था। जब अपने पुत्र की धार्मिक आस्थाओं से तंग हिरण्य कश्यप भक्त प्रहलाद को धर्म का रास्ता छोड़, ईश्वर विरोधी बनाने के प्रयास मे विफल हो जाता है तब वह अपनी बहन होलिका जिसे आग मे सुरक्षित रहने का वरदान प्राप्त था। भक्त प्रहलाद को खत्म करने की योजना को मूर्त रूप देते है। होलिका अग्नि के मध्य भक्त प्रहलाद को गोदी मे लेकर उसे अग्नि के माध्यम से खत्म करने का प्रयास करती है, किंतु अपनी धार्मिक आस्थाओं पर प्रगाड़ विश्वास के चलते ईश्वर द्वारा भक्त प्रहलाद को भीषण आग मे भी सुरक्षित रखा जाता है, इसके विपरीत होलिका इस आग मे जलकर भस्म हो जाती है। संदेश धार्मिक आस्थाओं के माध्यम से सत्य के मार्ग पर चलने का है। असत्य और अधर्म पर सत्य और धर्म की विजय का यह उत्सव भारतीय दर्शन का सौंदर्य पर्व है। होलिका दहन के बाद पांच दिन तक याने रंग पंचमी तक सम्पूर्ण देश रंग गुलाल की मस्ती मे रंग जाता है। यह पर्व हमारी अनेकता मे एकता के दर्शन का वाहक है। जब वातावरण रंग गुलाल और पानी की बौछार से आच्छादित होता है। तब जाति, धर्म, अमीर गरीब के सब भेद धाराशाही हो जाते है। उत्सव के माध्यम से समाज मे सामाजिक समरसता का जो दर्शन होली पर्व मे है। वह दुनियाँ के अन्य उत्सव त्योहारों नजर नही आता है। होली का सीधा संबंध प्रकृति से है। फाल्गुन माह माघ की ठण्ड के बाद फरवरी और मार्च के दौरान आता है। होली भी इसी माह मनाई जाती है। इस दौरान वातावरण आनंदित और उल्लासित होता है। गर्मी का आरम्भ जहाँ पतझड़ का संदेश लेकर आता है, तब पलास के फूल अपनी सम्पूर्ण सौंदर्यता के साथ खिल उठते है।

# विचार

## होली का पर्वः श्रद्धा, स्नेह और उल्लास का त्योहार, न कि हुड़दंगबाजी

**दलबीर मलिक, कुरुक्षेत्र।**

भारत देश में सभी त्योहार पूरे उल्लास ,उत्साह और श्रद्धा से मनाए जाते हैं । होली भारतीय संस्कृति का एक अत्यंत प्राचीन और महत्वपूर्ण पर्व है। यह केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि मानवीय भावनाओं, सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है। फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला यह त्योहार प्रकृति के नवजीवन, फसलों की कटाई की खुशी और मनुष्य के अंतर्मन में बसने वाले प्रेम और उत्साह का उत्सव है। होली हमें सिखाती है कि जीवन में रंग तभी हैं, जब उसमें श्रद्धा, स्नेह और मयार्दा हो। होली पर्व का धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व यह है कि होली का आरंभ होलिका दहन से होता है। यह प्रसंग भक्त प्राद की अटूट भक्ति और सत्य की विजय का प्रतीक है। होलिका दहन हमें यह संदेश देता है कि अहंकार, अत्याचार और अधर्म का अंत निश्चित है, जबकि श्रद्धा, विश्वास और धर्म की हमेशा जीत होती है। यह केवल एक धार्मिक कथा नहीं, बल्कि जीवन का गहरा संदेश है—कि विपरीत परिस्थितियों में भी सत्य का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। रंगों वाली होली आपसी प्रेम, भाईचारे और मनमुटाव को मिटाने का प्रतीक है। इस दिन लोग अपने गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को रंग लगाते हैं और संबंधों में नई ताजगी भरते हैं। यह पर्व हमें क्षमा, अपनत्व और मेल-मिलाप का महत्व सिखाता है।

सामाजिक एकता और प्रेम का संदेश

होली सामाजिक समरसता का पर्व है। यह जाति, वर्ग, धर्म और ऊँच-नीच के भेदभाव को मिटाकर सभी को एक रंग में रंग देता है। जब लोग एक-दूसरे को रंग लगाते हैं, तो मानो वे यह स्वीकार करते हैं कि हम सब एक हैं। यह त्योहार समाज में सौहार्द और सद्भाव को मजबूत करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में होली लोकगीतों, फाग, नृत्य और सामूहिक उत्सव के रूप में मनाई जाती है। शहरों में भी लोग परिवार और मित्रों के साथ मिलकर इसे उल्लासपूर्वक मनाते हैं। इस प्रकार होली सामाजिक जुड़ाव और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखने का माध्यम है। दुर्भाग्यवश, आधुनिक समय में कुछ स्थानों पर होली का स्वरूप विकृत होता जा रहा है। कुछ लोग इसे हुड़दंग, नशाखोरी, जबरदस्ती रंग लगाने, पानी की बर्बादी या अशोभनीय व्यवहार का अवसर बना लेते हैं। इससे न केवल त्योहार की गरिमा घटती है, बल्कि कई बार विवाद और दुर्घटनाएँ भी हो जाती हैं। विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के साथ असम्मानजनक व्यवहार करना अत्यंत निंदनीय है।

होली का अर्थ किसी पर अपनी इच्छा थोपना नहीं है। बुरा न मानो होली है कहकर किसी को असुविधा पहुँचाना इस पावन पर्व की भावना के विरुद्ध है। हमें होली को उसकी मूल भावना के साथ मनाना चाहिए। इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना आवश्यक है—प्राकृतिक और सुरक्षित रंगों का प्रयोग करें। किसी की सहमति के बिना रंग न लगाएँ। पानी की अनावश्यक बबार्दी न करें।नशे और अनुचित व्यवहार से दूर रहें। पर्यावरण और पशु-पक्षियों का भी ध्यान रखें। जब हम इन बातों का पालन करते हैं, तभी होली सच में आनंददायक और सुरक्षित बनती है।

पुलिस प्रशासन होली के दौरान हुल्लड़बाजी / अव्यवस्था / जबरन रंग लगाने / झगड़े से है, तो प्रशासन आमतौर पर शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ये प्रमुख इंतजाम करता है: अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, प्रमुख चौराहों, बाजारों और धार्मिक स्थलों पर गश्त, धारा 144 या निषेधाज्ञा, जरूरत पड़ने पर धारा 144 लागू कर भीड़ इकट्ठा होने पर रोक,हथियार, लाठी-डंडे या खतरनाक वस्तुओं के साथ घूमने पर प्रतिबंध इत्यादि। उउळश कैमरों और ड्रोन से निगरानी सोशल मीडिया मॉनिटरिंग ताकि अफवाहें न फैलें शराब और नशे पर नियंत्रण,अवैध शराब की बिक्री पर छापेमारी, लाइसेंसधारी दुकानों के समय में बदलाव या सख्ती, स्थानीय नेताओं, समाजसेवियों और धार्मिक प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर आपसी सद्भाव बनाए रखने की अपील की जाती है।हेल्पलाइन और त्वरित कार्रवाई, कंट्रोल रूम और हेल्पलाइन नंबर सक्रिय रहते हैं ताकि त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जा सके। हम तुम्हें सभी पहलुओं पर मंथन करने पर यही निष्कर्ष निकलता है कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि मन के रंगों को प्रकट करने का अवसर है। यह हमें सिखाती है कि जीवन में प्रेम, क्षमा और सद्भाव ही सबसे बड़े रंग हैं। यदि हम इसे श्रद्धा, स्नेह और मयार्दा के साथ मनाएँ, तो यह समाज में सकारात्मक ऊर्जा और भाईचारे को बढ़ाने वाला पर्व बन सकता है। अत: हमें संकल्प लेना चाहिए कि होली को हुड़दंगबाजी का नहीं, बल्कि प्रेम और उल्लास का पर्व बनाएँ। जब हर चेहरा सम्मान और खुशी से खिलेगा, तभी होली का सच्चा अर्थ पूर्ण होगा।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआईः HPHIN / 2012 / 48072

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन इंडिया कार्यालय, कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 से प्रकाशित एवं अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से मुद्रित।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
स्थानीय संपादक : पंकज शर्मा ( 9418026789)
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001
एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# व्यंग्य

## डिजिटल युग में मैनुअल गालियों की ऐसेसरीज

**सुरेश सौरभ**

**आज** हर ओर, हर चीज का डिजिटलीकरण बड़ी तेजी से होता जा रहा है, लेकिन हमारी क्षेत्रीय और प्रादेशिक देसी मैनुअल गालियों का डिजिटलीकरण अभी तक नहीं हुआ है ,यह घोर चिंता और विमर्श का विषय है। हां कुछ हद तक कुछ गालियों का चित्रात्मक प्रचलन सोशल मीडिया में कब का शुरू हो चुका है, पर पारंपरिक और क्षेत्रीय देसी गालियां अभी भी मैनुअल रूप से वायरल होकर अपना प्रभुत्व कायम किए हुए हैं ,जो अक्सर सोशल मीडिया के किसी न किसी कोने-अंतरे में उछलती-फुदकती नजर आती रहती हैं। उस दिन मेरा बेटा मोबाइल देखने में मस्त था, तभी उसके मोबाइल की आवाज मेरे कानों में पड़ी तो एकदम से मेरे दोनों कान खड़े हो गए। मैंने रोब में कहा यह सब क्या देखते रहते हो आंय,? ' बेटा बोला-'पापा कुछ नहीं बस होली के वीडियो देख रहा था। क्षुब्ध होकर मैंने कहा-ऐसे वीडियो देख रहे हो..इतनी गालियां..उफ! पापा अब मैं क्या करूं आप तो जानते होंगे कि होली की गालियां और होली की लाठियां किस शहर की बहुत मशहूर हैं। मैंने उससे फोन खींचते हुए कहा, अब तू मेरे सामान्य ज्ञान की परीक्षा ले रहा है या अपने किए पर पानी फेर रहा है। लड़का भुनभुनता हुआ चलता बना। मैंने चश्मा लगाया, अब पुनः मोबाइल ऑन किया। हाय! तौबा-तौबा अरे! यह किस क्षेत्र की होली है, अरे! पता ही नहीं चल पा रहा है कि रंग बरस रहा है या फिर घनघोर गालियां बत्तमीजियां बरस रहीं हैं...ऊपर से गोबर कीचड़ पेंट,...उफ! ऐसा लग रहा है, रंगों से ज्यादा इन्हें गलियों और छेड़खानियों से खासा मोह है और सरकार ने इसे प्रसारित करने का, इन्हें सरकारी परमिट दे दिया हो।

चुपचाप फोन बंद कर उसे मैंने अपनी जेब में रख लिया और अब अपनी दोनों आंखें बंद करके सोफे पर बड़े आराम से असर-पसर गया फिर अपना गूढ़ चिंतन-मनन शुरू किया।

, कुछ देर बाद एक क्रांतिकारी विचार

## सत्ता की खट्टी चाशनी

**पवन वर्मा**

भारतीय धर्मग्रंथों विशेषकर वेदों और श्रीमद्भगवद गीता में कहा गया है कि जब-जब इस धरती पर अधर्म एवं पाप की वृद्धि होती है, तब-तब धर्म की स्थापना तथा दुष्टों एवं दुष्कृत्यों के विनाश के लिए भगवान स्वयं या उनका कोई प्रतिनिधि इस धराधाम पर अवतरित होता है। गीता में तो यह बात भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं अपने मुख से कही है पर वेदों में भी इस अवधारणा का वर्णन है। यजुर्वेद में कहा गया है कि परमात्मा अजन्मा है पर वह अनेक प्रकार से उत्पन्न होता है। ऋग्वेद में परमात्मा को प्राणियों का हित चिंतक कहते हुए कहा गया है कि ईश्वर बार-बार अनेक रूप धारण करता है। भारतीय पुराण, ईश्वर के इन्हीं अवतारों की कथाओं से भरी पड़ी हैं। इन कथाओं के अनुसार ईश्वर ने न केवल मानव के रूप में (राम, कृष्ण, परशुराम, वामन आदि के) अवतार लिए हैं, अपितु वे अन्य प्राणियों के रूप में (कच्छप, मत्स्य, वाराह आदि)के रूप में भी अवतरित हुए हैं तथा उन्होंने दुष्टों, दानवों, राक्षसों आदि से मानवता, धर्म एवं पृथ्वी की रक्षा की है, पर एक अवतार ऐसा भी हुआ है जो मानव और पशु का संयुक्त रूप है। यह अवतार नरसिंहावतार के नाम से प्रसिद्ध है और इस अवतार की कथा होली के त्यौहार से जुड़ी हुई है। यदि धर्मग्रंथों में वर्णित आख्यानों का गहराई और बारीकी से अध्ययन किया जाए तो नरसिंह अवतार की एक विशेषता यह थी कि यह अवतार बुद्धि एवं बल का सम्मिलित एवं संयुक्त स्वरूप था। श्रीमद्द्भागवत में भगवान विष्णु के विविध अवतारों के साथ नरसिंह अवतार की भी कथा है। इसी कथा के अनुसार हिरण्य कश्यप ने घोर तपस्या करके भगवान विष्णु से ही यह वरदान ले लिया था कि वह न दिन में मरे न रात में, न पृथ्वी पर मरे न जल में, न देवों से मारा जाए न मनुष्यों से। इस वरदान की प्राप्ति के बाद वह अपने आपको अजर-अमर मानने लगा। मृत्यु के भय से मिली मुक्ति ने उसे घोर अहंकारी बना दिया, फलस्वरूप उसने भगवान की सत्ता एवं अस्तित्व को ही चुनौती देना शुरू कर दी। इस अहंकार ने उसे अत्याचारों की ओर उन्मुख किया। पर हिरण्य कश्यप

# जैन दर्शन की ध्यान, तपस्या एवं आत्मचिंतन की परंपरा ने पूरे विश्व का किया मार्गदर्शन- मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि समाज और राष्ट्र को आगे बढ़ाने के लिए आध्यात्मिक चेतना महत्वपूर्ण है। इस दिशा में जैन समुदाय की ध्यान, तपस्या एवं आत्मचिंतन की परंपरा ने पूरे विश्व का मार्गदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है और इसमें जैन सहित सभी समाजों की साझेदारी आवश्यक है। शर्मा रविवार को जयपुर में जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जीटो) टाउन रिप्रजेन्टेटिव नेशनल कॉन्क्लेव एवं विश्व नवकार महामंत्र दिवस 2.0 कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मूल्य आधारित नेतृत्व, सामाजिक एकता एवं आध्यात्मिक चेतना भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। हमें अपने निर्णयों में ईमानदारी, पारदर्शिता, जनसेवा एवं नैतिकता को प्राथमिकता देनी चाहिए। साथ ही, एक-दूसरे के प्रति संवेदनशील होकर कर्तव्यबोध को सर्वोपरि रखना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैन समाज ने सदियों से भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति को आगे बढ़ाया है। अहिंसा, करुणा एवं सत्य



के मूल्यों के आधार पर भारतीय सभ्यता के निर्माण में अतुलनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर स्वामी की अहिंसा की शिक्षा और प्राचीन काल से चली आ रही ज्ञान परंपरा के माध्यम से जैन दर्शन ने जियो और जीने दो का अमर संदेश दिया है। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है। वर्ष 2014 में भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में 11वें स्थान पर थी, जो आज चौथे स्थान पर पहुंच गई है और शीघ्र ही तीसरे स्थान हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि जैन समाज का देश-प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। साथ ही, सामाजिक क्षेत्र में भी समाज ने अनुकरणीय कार्य किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवकार महामंत्र दिवस 2.0 का आज शुभ कार्यक्रम है। नवकार महामंत्र केवल जैन धर्म का मंत्र नहीं है, बल्कि यह समस्त मानवता को अहिंसा, करुणा, ज्ञान एवं आत्मशुद्धि का मार्ग दिखाने वाला सार्वभौमिक संदेश है। उन्होंने नवकार महामंत्र की दिव्य ऊर्जा से विश्व में शांति, सद्भाव एवं कल्याण का मार्ग प्रशस्त होने की मंगलकामना की। इससे पहले मुख्यमंत्री ने विश्व नवकार महामंत्र दिवस 2.0 के प्रचार-प्रसार के लिए रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम में जीटो अध्यक्ष पृथ्वीराज कोठारी, उपाध्यक्ष हिमांशु जे शाह, सचिव महावीर चपलोत, जयपुर चैप्टर की चैयरपर्सन सलोनी जैन सहित विभिन्न चैप्टर्स के पदाधिकारीगण और बड़ी संख्या में महिला एवं युवा उद्यमी उपस्थित रहे।

# लोक परिवहन सेवा निर्बाध चलती रहे, सबके हितों की करेंगे रक्षाः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**सुगम आवागमन**

**मुख्यमंत्री से मिले बस ऑनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी, विस्तृत चर्चा के बाद वापस ली हड़ताल**



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के हर ग्रामीण अंचल तक यात्रियों को सुगम आवागमन की सुविधा मिले, इसके लिए हम हर जरूरी कदम उठा रहे हैं। इस लक्ष्य के लिए हम कटिबद्ध हैं। सबके हितों की रक्षा हो और लोक परिवहन सेवा भी निर्बाध रूप से चलती रहे, यही हमारा ध्येय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार की रात अपने निवास कार्यालय समत्व भवन में मध्य प्रदेश बस ऑनर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों (बस ट्रांसपोटर्स) से चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम यात्रियों को विशेषकर ग्रामीण अंचल के लोगों को सुगम परिवहन की सेवा देना चाहते हैं, पर इस उद्देश्य की पूर्ति में किसी का नुकसान भी नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बस ऑपरेटर्स की सभी शंकाओं-कठिनाई का मिल-बैठकर हल निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि ऑनर्स के पदाधिकारी, परिवहन मंत्री से मिलकर अपनी सभी शंकाओं, कठिनाइयों, समस्याओं का समाधान कराएंगे। इसके लिए वे परिवहन मंत्री को भी निर्देशित कर रहे हैं। दोनों पक्षों की चर्चा और समाधान के बाद ही आगे की कार्यवाही की जाएगी। मुख्यमंत्री ने शासन द्वारा जारी की गई एक सूचना एवं एक अधिसूचना को होल्ड करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से सकारात्मक बातचीत, अपनी मांगों के संबंध में विस्तृत चर्चा एवं उपर्युक्त सूचना-अधिसूचना को होल्ड करने का आश्वासन मिलने के बाद मध्य प्रदेश बस ऑनर्स एसोसिएशन (बस ट्रांसपोटर्स) के पदाधिकारियों ने आगामी 2 मार्च 2026 से प्रारंभ होने वाली बस हड़ताल वापस ले लेने की घोषणा की है।

एसोसिएशन ने विषय का संतोषजनक समाधान निकालने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का हृदय से आभार भी जताया। बैठक में परिवहन सचिव मनीष सिंह, बस ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, अन्य पदाधिकारी एवं प्रदेश के दस संभागों से आए बस ऑनर्स उपस्थित थे।

## अनूपपुरः विद्यार्थियों को लक्ष्य,अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहियें- सांसद

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिला मुख्याआलय में स्थित संकल्प महाविद्यालय में शनिवार की रात्रि को आयोजित संकल्प महोत्सव 2026 अत्यंत भव्य और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। महाविद्यालय परिसर विद्यार्थियों और स्टाफ के उत्साह, ऊर्जा एवं सांस्कृतिक रंगों से सराबोर दिखाई दिया। अभिभावकों एवं अतिथियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। सांसद हिमाद्री सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन एवं प्रेरक उद्बोधन– इससे पहले सांसद हिमाद्री सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा विद्यार्थियों को लक्ष्य, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

# युवा उद्यमी विकास अभियान से बदली तकदीरः बनाई डिजिटल लाइब्रेरी चेन

**मिसाल**

**आजमगढ़ के 25 वर्षीय अविनाश सिंह इसकी सशक्त मिसाल बनकर उभरे हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) जमीनी स्तर पर सकारात्मक परिणाम दे रहा है। आजमगढ़ के 25 वर्षीय अविनाश सिंह इसकी सशक्त मिसाल बनकर उभरे हैं। सीमित संसाधनों और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच उन्होंने सरकारी योजना का लाभ उठाकर न केवल स्वयं का व्यवसाय स्थापित किया, बल्कि पांच युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध कराया।

**अधिकारियों से मिला मार्गदर्शन**

बीएससी गणित की पढ़ाई इलाहाबाद विश्वविद्यालय से पूरी करने वाले अविनाश एक साधारण किसान परिवार से आते हैं। परिवार में माता-पिता तथा पांच भाई बहन हैं। बड़ा बेटा होने के कारण घर की आर्थिक जिम्मेदारी उनके कंधों पर थी। परिवार की सीमित आय और भविष्य की चिंताओं के बीच उन्होंने रोजगार की तलाश के बजाय उद्यमिता का रास्ता चुना। जनवरी 2025 में उन्हें ऑनलाइन माध्यम से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की जानकारी मिली। योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के बाद उन्होंने जिला उद्योग केंद्र में संपर्क किया और आवश्यक दस्तावेज जमा कर आवेदन प्रक्रिया पूरी की। अधिकारियों के मार्गदर्शन से उनका आवेदन शीघ्र स्वीकृत हुआ।

**बिना गारंटी मिला पांच लाख का लोन**

फरवरी 2025 में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से उन्हें पांच लाख रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ। यह ऋण बिना किसी गारंटी और बिना कुछ गिरवी रखे मिला। 21 फरवरी को पहली किस्त के रूप में दो लाख 57 हजार रुपये और एक सप्ताह बाद दूसरी किस्त के रूप में एक लाख 53 हजार रुपये सीधे उनके खाते में जमा किए गए।

# होली हमारी सांस्कृतिक पहचानः मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी



**रंगोत्सव**

**शास्त्रीय होली एवं भजन गायन की प्रस्तुतियों के बीच होली गायन में सहभागिता की**

**टीम एक्शन इंडिया**

**काशीपुर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को उधमसिंह नगर के काशीपुर नगर निगम परिसर में आयोजित रंगोत्सव होली मिलन समारोह में पारंपरिक कुमाऊँनी होली, शास्त्रीय होली एवं भजन गायन की प्रस्तुतियों के बीच होली गायन में सहभागिता की। इस दौरान लोगों ने उन पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री धामी ने जनसमुदाय को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली हमारी समृद्ध लोक परंपरा और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। यह पर्व परस्पर प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव को सुदृढ़ करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की सांस्कृतिक परंपराओं को वैश्विक पहचान मिल रही है और युवाओं को आधुनिकता के साथ अपनी जड़ों से जुड़े रहना चाहिए। मुख्यमंत्री ने काशीपुर में चल रहे विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर पार्क, काशीपुर-रामनगर राजमार्ग के चौड़ीकरण, मिनी बाईपास, पेयजल एवं सीवरेज परियोजनाओं सहित विभिन्न योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# एकीकृत कृषि प्रणाली किसानों की आय बढ़ाने में प्रभावी : राधामोहन सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**पूर्वी चंपारण।** कृषि विज्ञान केंद्र पीपराकोठी स्थित सभागार में रविवार को समेकित कृषि प्रणाली मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन विषय को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री राधामोहन सिंह, विधायक प्रमोद कुमार, विधायक कृष्णनंदन पासवान, विधायक सचिन्द्र प्र.सिंह, केविके प्रमुख डा अरविन्द कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद राधामोहन सिंह ने कहा कि पिछले वर्षों में किसानों



को सीधे लाभ पहुंचाने के लिए सरकार ने डीबीटी प्रणाली लागू की है, जिससे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और फसल बीमा जैसी योजनाओं की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि अब बिचौलियों की भूमिका कम हुई है और पारदर्शिता बढ़ी है। उन्होंने बताया कि देश के करोड़ों किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत प्रतिवर्ष 6000 रुपये की सहायता दी जा रही है तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के माध्यम से किसानों को सुरक्षा प्रदान की जा रही है। इसके अलावा किसान क्रेडिट कार्ड और अन्य योजनाओं से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है।

**प्रशिक्षण**

**पशुपालन, मत्स्य पालन, बागवानी और फसल उत्पादन को एक साथ अपनाने की सलाह दी**

राधामोहन सिंह ने कहा कि राष्ट्रवादी सोच से प्रेरित राजनीति ही देश और समाज का भला कर सकती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पहले गरीब किसानों, गांवों की सड़कों और आवास जैसी बुनियादी जरूरतों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया, लेकिन अब योजनाओं के माध्यम से गांव-गांव तक विकास पहुंचा है। उन्होंने प्राकृतिक खेती और टिकाऊ कृषि पर जोर देते हुए परंपरागत कृषि विकास योजना के तहत जैविक और प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए समय-समय पर मिट्टी की जांच आवश्यक है। साथ ही उन्होंने एकीकृत कृषि प्रणाली को किसानों की आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बताते हुए पशुपालन, मत्स्य पालन, बागवानी और फसल उत्पादन को एक साथ अपनाने की सलाह दी।

# ईरान में घटनाक्रम के बीच मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शांति की अपील की

**टीम एक्शन इंडिया**

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने रविवार को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या से संबंधित रिपोर्टों सहित ईरान में चल रहे घटनाक्रम के मद्देनजर सभी समुदायों से शांति बनाए रखने और शांति बनाए रखने का आग्रह किया। स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए, एक्स पर एक पोस्ट में जम्मू-कश्मीर सीएम के कार्यालय ने लिखा मुख्यमंत्री ने लोगों से ऐसे किसी भी कार्य से बचने की अपील की जिससे तनाव या अशांति हो सकती है



और संयम और सांप्रदायिक सद्भाव की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने आगे कहा कि जम्मू-कश्मीर सरकार वर्तमान में ईरान में छात्रों सहित जम्मू-कश्मीर के निवासियों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के साथ निकट समन्वय में है।

# पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में दो पीएचडी वाइवा संपन्न

**अध्ययन**

**फिल्म निर्देशक विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित अब तक बनी फिल्मों का लाक्षणिक अध्ययन प्रस्तुत किया**



**टीम एक्शन इंडिया**

**सिरसा, (रणबीर खटक)** चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में शुक्रवार को दो शोधार्थियों की पीएचडी वाइवा सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इनमें एक शोध फिल्म अध्ययन पर आधारित था, जबकि दूसरा शोध हरियाणा राज्य के कॉलेज शिक्षकों के ऑनलाइन खरीद व्यवहार पर केंद्रित रहा। इस संबंध में जानकारी देते हुए विभागाध्यक्ष एवं दोनों शोधार्थियों के शोध निदेशक प्रोफेसर सेवा सिंह बाजवा ने बताया कि शोधार्थी सुरेन्द्र पाल सिंह की पीएचडी वा वाइवा में प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित अब तक बनी कुल दस फिल्मों का लाक्षणिक अध्ययन प्रस्तुत किया गया। इस शोध में मकबूल, हैदर और ओंकारा सहित उनकी सभी प्रमुख फिल्मों का गहन विश्लेषण किया गया। वाइवा परीक्षा जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से पधारे प्रोफेसर पवन मलिक द्वारा ली गई। इस दौरान उन्होंने शोध विषय, विषय चयन, शोध पद्धति तथा शोध के अकादमिक एवं उद्योग जगत में संभावित योगदान पर विस्तार से चर्चा की। शोधार्थी ने सभी प्रश्नों के संतोषजनक एवं प्रभावशाली उत्तर दिए। शोधार्थी सुरेन्द्र पाल सिंह का पंजीकरण वर्ष 2022 में हुआ था तथा लगभग चार वर्षों की अवधि में उनकी पीएचडी पूर्ण हुई।दूसरी ओर, शोधार्थी वीरेंद्र खटकड़ की पीएचडी वायवा ऑनलाइन खरीद व्यवहार विषय पर आधारित रही।

# कोरबा में होली की धूमः रंगों से सराबोर बाजार, खरीददारों की उमड़ी भीड़

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोरबा।** होली का पर्व नजदीक आते ही शहर के बाजार पूरी तरह रंगों में रंग गए हैं और हर तरफ उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। मुख्य बाजारों से लेकर कोसाबाड़ी, निहारिका, बुधवारी और पुराने शहर तक हर जगह रंगों की बहार नजर आ रही है। दुकानों पर लाल, गुलाबी, पीले और हरे गुलाल की ढेरियां सजी हैं, वहीं रंग-बिरंगी पिचकारियां, पानी के गुब्बारे, आकर्षक मास्क और डिजाइनर टोपी बाजार की रौनक को और बढ़ा रहे हैं। बाजारों का नजारा ऐसा प्रतीत हो रहा है मानो होली आने से पहले ही पूरा शहर रंगों की चादर ओढ़ चुका हो।

इस बार बच्चों के लिए बाजार में खास आकर्षण देखने को मिल रहा है। कार्टून कैरेक्टर वाली



पिचकारियां, टैंक मॉडल, मशीन गन स्टाइल पिचकारी और बैटरी से चलने वाली आधुनिक पिचकारियां बच्चों को खूब लुभा रही हैं। कई दुकानों पर बच्चे अपनी पसंद की पिचकारी खरीदने के लिए जिद करते नजर आ रहे हैं, जिससे बाजार में चहल-पहल और बढ़ गई है। त्योहार के इस माहौल में लोगों के बीच जागरूकता भी देखने को मिल रही है। केमिकल युक्त रंगों की बजाय हर्बल और ऑर्गेनिक गुलाल की मांग तेजी से बढ़ी है।

दुकानदारों का कहना है कि ग्राहक अब त्वचा और आंखों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्राकृतिक रंगों को प्राथमिकता दे रहे हैं। फूलों से बने गुलाल और खुशबूदार अबीर इस बार विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं, जिनकी बिक्री में भी अच्छी बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है।

**होली है...**

**बाजार में होली स्पेशल टी-शर्ट, रंगीन चश्मे, हेडबैंड और फेस मास्क की बिक्री बढ़ गई**

महिलाएं भी होली पूजन की तैयारियों में जुट गई हैं और बाजारों में अबीर, गुलाल, पूजा थाली, नारियल और सजावटी सामग्री की खरीदारी कर रही हैं। इसके साथ ही घरों में बनने वाली पारंपरिक मिठाइयों के लिए सूखे मेवे और मसालों की दुकानों पर भी अच्छी-खासी भीड़ देखी जा रही है। गुझिया, मठरी और नमकीन बनाने की तैयारियां घरों के साथ-साथ मिठाई दुकानों में भी जोर-शोर से चल रही हैं। होली को लेकर युवाओं में भी खास उत्साह देखने को मिल रहा है। बाजार में होली स्पेशल टी-शर्ट, रंगीन चश्मे, हेडबैंड और फेस मास्क की बिक्री बढ़ गई है। सोशल मीडिया पर फोटो और रील बनाने के लिए युवा आकर्षक एक्सेसरीज की खरीदारी कर रहे हैं, जिससे बाजार में आधुनिक ट्रेंड भी साफ नजर आ रहा है।

व्यापारियों का कहना है कि इस बार बिक्री उम्मीद से बेहतर हो रही है और पिछले कुछ वर्षों की तुलना में कारोबार में अच्छी बढ़ोतरी की संभावना है। शाम के समय बाजारों में इतनी भीड़ हो जाती है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। त्योहार और भीड़ को देखते हुए प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क है।

# लगातार तीसरी बार निर्विरोध जदयू जिलाध्यक्ष बने राजेंद्र प्रसाद यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**सुपौल।** जिला मुख्यालय स्थित शहनाई रिजॉर्ट में रविवार को जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के जिलाध्यक्ष पद का चुनाव संपन्न हुआ। सर्वसम्मति से राजेंद्र प्रसाद यादव को लगातार तीसरी बार जिला अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध चुना गया। निर्वाचन पदाधिकारी हारून रशीद ने घोषणा करते हुए बताया कि सभी जदयू पदाधिकारियों और कार्यकताओं की सहमति से राजेंद्र प्रसाद यादव को पुनः जिला अध्यक्ष चुना गया है। उन्होंने कहा कि संगठन की एकजुटता और मजबूती का यह परिणाम है कि चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ। चुने



जाने के बाद श्री यादव का पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया तथा उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर सांसद दिलेश्वर कामेत, अमर कुमार चौधरी, जगदीश यादव, पूर्व विधायक लखन ठाकुर, प्रियंका यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। अपने संबोधन में नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद यादव ने सभी नेताओं और कार्यकताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और मजबूत करने तथा आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन का संकल्प दोहराया।

# नौनिहालों के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा को प्रदेश सरकार दे रही है प्राथमिकता

**पोषण**

» सक्षम आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों की पोषण जरूरतों का रखा जा रहा ख्याल



**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के दूरदर्शी नेतृत्व में वर्तमान राज्य सरकार ने बाल्यावस्था देखभाल और बच्चों के समग्र विकास को केन्द्र में रखकर अनेक नीतिगत कदम उठाए हैं। पोषण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समावेशी विकास पर विशेष बल देते हुए सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि प्रदेश में प्रत्येक बच्चे का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो और उन्हें आगे बढ़ने के समान अवसर मिले।

नौनिहालों की पोषण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सरकार ने अनेक ठोस कदम उठाए हैं ताकि बच्चों का संतुलित विकास सुनिश्चित किया जा सके। प्रदेश भर में संचालित हो रहे 18,925 आंगनवाड़ी केंद्र बच्चों के मजबूत भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। इन केन्द्रों द्वारा छह वर्ष तक की आयु के बच्चों के स्वास्थ्य मानकों का मूल्यांकन किया जाता है ताकि बच्चे का समुचित शारीरिक और मानसिक विकास सुनिश्चित किया जा सके। इस वित्त वर्ष में आंगनवाड़ी सेवा योजना के तहत 113 करोड़ रुपये व्यय किए जा चुके हैं। वर्तमान वित्त वर्ष में विशेष पोषाहार कार्यक्रम के तहत 1516.09 लाख रुपये खर्च किए जा चुके हैं।

आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से बाल्यकाल देखभाल के साथ औपचारिक स्कूली शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार ने सभी आंगनवाड़ी केंद्रों को आंगनवाड़ी सह–स्कूल घोषित किया है। इससे उनकी प्रारम्भिक शिक्षा की मजबूत नींव तैयार होगी। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय एवं शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी आंगनवाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों के को–लोकेशन के लिए जारी दिशा–निर्देशों को अमल में लाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय संयुक्त कमेटी का गठन किया जा चुका है।

प्रदेश के लिए स्वीकृत 1030 सक्षम आंगनवाड़ी केंद्रों में से जिला चम्बा के लिए 100 आंगनवाड़ी केंद्र स्वीकृत किये गए हैं। प्रदेश में आंगनवाड़ी केंद्रों में स्तरोन्नत करने की प्रक्रिया जारी है।

### पौष्टिक आहार को मुख्यमंत्री बाल पोषण आहार योजना



मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने सभी सरकारी स्कूलों के बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध करवाने के लिए मुख्यमंत्री बाल पोषण आहार योजना शुरू की है। योजना के तहत राज्य के 15,181 सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे 5.34 लाख से अधिक छात्रों को पौष्टिक आहार उपलब्ध करवाया जा रहा है। बच्चों के पोषण स्तर में सुधार के लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्कूलों में किचन गार्डन पहल को सफलतापूर्वक लागू किया जा रहा है। प्रदेश के 14 हजार 464 विद्यालयों में मिड-डे-मील कार्यकर्त्ताओं, स्कूल प्रबन्धन समिति, स्कूल स्टाफ और विद्यार्थियों की मदद से किचन गार्डन तैयार किए गए हैं। इन किचन गार्डन में मौसमी सब्जियां उगाई जाती हैं।

# केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने किए 25.86 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों के शिलान्यास

**प्रगति**

» अल्पसंख्यक मंत्रालय के अंतर्गत जिला चंबा में 31 करोड़ रुपए के विकास कार्य प्रगति पर : रिजिजू



**हामिद खान**

**चंबा।** केंद्रीय संसदीय कार्य तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने जिला चंबा के अंतर्गत भंजराड़ू (तीसा) तथा सलूनी में 25.86 करोड रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया। भारत सरकार के अल्पसंख्यक मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत किए जा रहे इन कार्यों में भंजराड़ू (तीसा) में 9.84 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला आईटीआई भवन व 7 करोड रुपए की लागत से बनने वाला इंडोर स्टेडियम तथा सलूनी में 9.02 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला इंडोर स्टेडियम भी शामिल है। इस अवसर पर भंजराड़ू (तीसा) तथा सलूनी में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों से देश में विकास के नए आयाम स्थापित हुए हैं। केंद्र सरकार के प्रयासों से पिछले 11 वर्षों में सड़क सुविधाओं, बैंकिंग सेवाओं तथा मोबाइल व इंटरनेट सेवाओं में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पूरे देश में मूलभूत सुविधाओं सम्बन्धी आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ साथ अब ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के साथ–साथ भविष्य की अन्य जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रयत्नशील है। उन्होंने क्षेत्र वासियों से अपील की कि वे केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाएं तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए जागरूक करें।

## दमदमा अस्थान बाबा साहिब सिंह में मनाया त्रयोदशी दिवस

**राजन पुरी**

**ऊना।** ऊना नगर के संस्थापक व गुरु नानक देव जी के वंशज बाबा साहिब सिंह जी बेदी के दमदमा अस्थान पर रविवार को त्रयोदशी दिवस बड़े उत्साह पूर्वक मनाया गया।

गुरु नानक देव के वंशज बाबा सर्बजोत सिंह बेदी व समूह साध संगत ऊना द्वारा आयोजित समागम में श्री अखंड पाठ साहिब के भोग डाले गए। इसके पश्चात विभिन्न रागी जत्थों ने कथा कीर्तन द्वारा उपस्थित संगत को निहाल किया। इस अवसर पर बाबा सरबजोत सिंह बेदी ने गुरुओं द्वारा दिए उपदेश पर चलने की प्रेरणा की। इसके उपरांत सरबत के भले जी अरदास की गई। इस अवसर पर बाबा सुरिंदर सिंह, बाबा हरनेक सिंह, सुखविंदर सिंह, सतनाम सिंह, हरपाल सिंह, जोगमान सिंह, तलविंदर सिंह, इंदरजीत सिंह, प्रितपाल सिंह, सुरजीत सिंह, चरणजीत सिंह, परमजीत सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## डिग्री कॉलेज चायल कोटी में सांस्कृतिक उत्सव स्पंदन 2026 का सफल आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** राजकीय महाविद्यालय चायल कोटी में संगीत विभाग के सौजन्य से दो दिवसीय अन्तर–विभागीय सांस्कृतिक उत्सव स्पंदन 2026 का सफल आयोजन किया गया।



इस कार्यक्रम के अंतर्गत संगीत श्रेणी में एकल गायन प्रतियोगिता, एकल नृत्य, युगल नृत्य एवं सामूहिक नृत्य की प्रतियोगताओं का आयोजन तथा फाइन आर्ट की श्रेणी में पोस्टर, रंगोली की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

संगीत गायन की श्रेणी में संगीत विभाग के मनोज कुमार, चिराग ने लोक संगीत तथा गीत गाकर उपस्थित सभी का मनोरंजन किया। एकल नृत्य में अंशिका, तनिषा, अबिता, मीनाक्षी, मुस्कान, दीक्षा आदि ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दी। युगल नृत्य में अंजलि और रमा, स्मृति और नितिका, मुस्कान और दीक्षा, तन्वी और मुस्कान,मीनाक्षी और अमन ने प्रस्तुतियां दी। नाटी की प्रतियोगिता में रमा और उनके पूरे समूह ने तथा भावना के समूह ने अपनी शानदार प्रस्तुतियां दी। एकल नृत्य की श्रेणी में अबिता ने प्रथम स्थान, मीनाक्षी ने द्वितीय तथा दीक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

युगल नृत्य लोक संगीत की श्रेणी में मीनाक्षी और अमन ने प्रथम स्थान, स्मृति और नितिका ने द्वितीय तथा अंजलि और रमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।युगल अर्धशास्त्रीय नृत्य में दीक्षा और मुस्कान की जोड़ी ने प्रथम स्थान एवं तन्वी और मुस्कान की जोड़ी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हिमाचली नाटी की प्रतियोगिता में रमा और उनके साथियों ने प्रथम स्थान एवं भावना और उनके साथियों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार पोस्टर मेकिंग की प्रतियोगिता में वैभव शर्मा ने प्रथम, रमा ने द्वितीय तथा अंकुश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली में दीपिका और अम्बिका की टीम ने प्रथम स्थान, सिमरन और स्मृति ने द्वितीय तथा अबिता और मीनाक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## लोगों के विरोध के बावजूद भी सरकार ने बना दी नई टिपरा पंचायत : प्रेम ठाकुर

**चमन शर्मा**

**शिमला।** जनता के भारी विरोध के बावजूद भी जिला प्रशासन ने मशोबरा ब्लॉक की चमियाणा पंचायत का विभाजन करके टिपरा नाम से नई पृथक पंचायत की अधिसूचना जारी कर दी है । जिला शिमला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम ठाकुर ने बताया कि बीते दिनों चमियाण पंचायत की जनता, महिला मंडल, युवक सहित सहित सैंकड़ों लोगों ने ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री एवं स्थानीय विधायक अनिरूद्ध सिंह और डीसी शिमला से भी मिलकर अपना विरोध जताया और सभी तथ्यों की क्रमवार पुष्टि की गई । उन्होने बताया कि डीसी शिमला चमियाणा पंचायत के लोगों द्वारा प्रस्तुत किए हुए दावे व आपतियों को भी सही ठहराया गया था परंतु राजनैतिक दबाव के आगे जिला प्रशासन ने भी घुटने टेक दिए । इनका कहना है कि चमियाणा



पंचायत से पृथक करके नई पंचायत बनाने के लिए आज तक कभी ग्राम पंचायत, ग्राम सभा अथवा स्थानीय लोगों ने कोई मांग सरकार से की गई थी परंतु सरकार ने मनमाने ढंग से लोगों के बार बार आग्रह करने के बावजूद भी नई पंचायत की अधिसूचना कर दी गई है जिससे समूची पंचायत के लोगों में रोष व्याप्त है । इनका कहना है कि इस पंचायत की कुल आबादी करीब दो हजार है अर्थात सरकार को नई पंचायत बनाने की कोई आवश्यकता नहीं थी ।

## संक्षिप्त खबरें

### जनगणना-2027 भारत की पहली पूर्णत: डिजिटल जनगणना होगी : दीप शिखा शर्मा




**चमन शर्मा**

**शिमला।** भारत की आगामी जनगणना–2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (एचएलओ) को लेकर जिला शिमला के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ बचत भवन में रविवार को किया गया।

यह प्रशिक्षण 1 मार्च से 3 मार्च और 5 मार्च से 7 मार्च 2026 को दो बैच में दिया जाएगा। निदेशक जनगणना कार्य निदेशालय दीप शिखा शर्मा ने बताया कि जनगणना–2027 भारत की पहली पूर्णत: डिजिटल जनगणना होगी।

डाटा संग्रहण मोबाइल ऐप और वेब पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा, जिससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, त्वरित और प्रभावी बनेगी। उन्होंने अधिकारियों से तय समय सीमा में जिम्मेदारीपूर्वक कार्य पूर्ण करने का आह्वान किया। भारत में जनगणना प्रत्येक दस वर्ष में आयोजित होती है। वर्ष 2011 के बाद अगली जनगणना 2021 में प्रस्तावित थी, लेकिन कोविड–19 महामारी के कारण इसे स्थगित करना पड़ा।

अब जनगणना–2027 दो चरणों में होगी। प्रथम चरण (एचएलओ) हिमाचल प्रदेश में यह कार्य 12 मई से 11 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा। द्वितीय चरण फरवरी 2027 में प्रस्तावित है, जबकि हिमाच्छादित क्षेत्रों में इसे सितंबर 2026 में ही संपन्न किया जाएगा। स्व–गणना की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

पोर्टल निर्धारित तिथि से 15 दिन पूर्व सक्रिय होगा। कोई भी नागरिक लॉगिन कर अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेगा। इसके बाद उसे स्व–गणना आईडी प्रदान की जाएगी, जिसका सत्यापन प्रगणक द्वारा किया जाएगा। मैदान स्तर पर प्रगणक एवं पर्यवेक्षक मोबाइल ऐप के माध्यम से कार्य को अंजाम देंगे।

### घनारी में मनाई गुरू रविदास महाराज की जयंती

**चमन शर्मा**

**शिमला।** गगरेट क्षेत्र के गांव घनारी में संत गुरु रविदास जी महाराज की 649वीं जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई।

स्थानीय लोगों व सभा के पदाधिकारियों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के साथ पवित्र निशान साहिब चढ़ाने की रस्म अदा की गई।

इस धार्मिक अनुष्ठान में जोगिंद्र संधू नकडोह वाले ने गुरु रविदास जी महाराज की अमृतवाणी का गुणगान किया। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया।

## सकारात्मक परिवर्तन की शुरुआत करते हुए, शहर का व्यापक दौरा करते हुए : डां.सुरेंद्र सिंह डोगरा

**टीम एक्शन इंडिया**

**हमीरपुर।** डॉ. डोगरा सुरेंद्र सिंह डोगरा ने आज सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में अपनी टीम के साथ एक सकारात्मक परिवर्तन की शुरुआत करते हुए शहर का व्यापक दौरा किया।



25 से 30 लोगों के साथ होली की शुभकामनाएं दीं, जिससे क्षेत्र में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ।

इस दौरान उन्होंने निस्वार्थ सेवा का एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए लोगों को सशक्त बनाने का संदेश दिया।

उनकी इस पहल ने लोगों के दिलों में एक सकारात्मक छाप छोड़ी और उनके प्रति लोगों के प्यार और समर्पण को दर्शाया, जिससे क्षेत्र में एक उज्ज्वल भविष्य की संभावनाएं बढ़ गई हैं।

## चंबा कॉलेज बना अखाड़ा: छात्र गुटों में खूनी संघर्ष, रॉड और सरिए चले, 6 घायल

**हामिद खान**

**चंबा।** स्थानीय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चंबा में शनिवार दोपहर उस वक्त अफरा–तफरी मच गई, जब दो प्रमुख छात्र संगठन, एबीवीपी और एसएफआई के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि कैंपस में लोहे की रॉड, सरिया, ग्रिप और कड़ों का खुलकर इस्तेमाल हुआ। इस हिंसक झड़प में छह छात्र घायल हुए हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना शनिवार दोपहर करीब 12 बजे की है। परिसर में तनाव उस समय बढ़ा जब एबीवीपी कार्यकर्ता एचपीयू शिमला में हुई एक पुरानी घटना के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान दूसरे गुट के आने से बहस शुरू हुई, जिसने जल्द ही हिंसक रूप ले लिया। खूनी संघर्ष में एक छात्र का दांत टूट गया है, जबकि एक अन्य के नाक की हड्डी में फ्रैक्चर आया है।

एबीवीपी जिला संयोजक ललित वर्मा ने आरोप लगाया कि वे शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे, तभी एसएफआई कार्यकर्ताओं ने हॉस्टल निर्माण के लिए रखे सरिए उठाकर उन पर हमला कर दिया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मियों की निष्क्रियता पर भी सवाल उठाए।

उधर दूसरी ओर एस एफ प्रदेश कमेटी सदस्य रवि कुमार का कहना है कि एबीवीपी कार्यकर्ता सुबह से ही उनके साथियों को निशाना बनाने की फिराक में थे। जैसे ही वे परिसर पहुंचे, उन पर लोहे के कड़ों और ग्रिप से हमला कर दिया गया।

घटना के समय कॉलेज प्राचार्य राकेश राठौर किसी जरूरी कार्य से सलूणी गए थे। सूचना मिलते ही उन्होंने पुलिस को सूचित किया। पुलिस अधीक्षक विजय सकलानी ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों पक्षों की ओर से शिकायतें प्राप्त हुई हैं। घायलों का मेडिकल कॉलेज चंबा में मेडिकल करवाया जा रहा है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

हादसे के बाद सुल्तानपुर पुलिस चौकी में मामला दर्ज करवाया गया है। फिलहाल कैंपस में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है और पुलिस बल की पैनी नजर है।

## बंगाणा कॉलेज में विद्यार्थियों को बताया विज्ञान का महत्त्व

**राजन पुरी**

**ऊना।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में विश्व विज्ञान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रचार्या रेखा शर्मा ने किया।

उन्होंने विज्ञान के महत्तव पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को विज्ञान और प्रोद्योगिकि केक्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने अपने प्रोजेक्टस और शोध कार्यों का प्रदर्शन किया। समारोह का समापन पैनल चर्चा के साथ हुआ।

इस अवसर पर प्रो. अनु लखनपाल, प्रो. किरन कुमारी, प्रो. नंद लाल एवं प्रो. रीना देवी उपस्थित रहे।

## हिमोत्कर्ष के अधिवेशन में 6 विभूतियों को मिला राष्ट्रीय एकात्मकता पुरस्कार

**राजन पुरी**

**ऊना।** हिमोत्कर्ष साहित्य, संस्कृति एवं जनकल्याण परिषद का 52 वां रा%य स्तरीय वार्षिक अधिवेशन रविवार को राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटला खुर्द परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्रिहोत्री मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए। जबकि कार्यक्रम में पूर्व विधायक ओपी रत्न व ब्रिगेडियर राजीव ठाकुर विशिष्टातिथि के रूप में शामिल हुए।

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्रिहोत्री, विशिष्टातिथि पूर्व विधायक ओपी रत्न व ब्रिगेडियर राजीव ठाकुर ने उत्तर भारत की 6 विभूतियों को हिमोत्कर्ष राष्ट्रीय एकात्मकता व तीन विभूतियों को हिमोत्कर्ष हिमाचलश्री पुरस्कार से सम्मानित किया। समारोह में स्व. आयशा पटियाल स्मारक हिमोत्कर्ष छात्रवृति के अंतर्गत प्रदेश




विश्वविद्यालय शिमला से बीएससी माईक्रोबायोलोजी की टापर दीपिका को 25 हजार रूपए छात्रवृति, स्वर्ण पदक व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। जिला ऊना से प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में प्रथम 10 स्थानों पर रहने वाले 37 मेधावी विद्यार्थियों तथा जमा दो कक्षा के 22 विद्यार्थियों को स्व. संतोष कंवर स्मारक हिमोत्कर्ष मेधावी छात्रवृति के अंतर्गत एक–एक हजार नगद छात्रवृति, प्रशस्ति पत्र व स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया गया। समारोह में हिमोत्कर्ष अमोदिनी महिला सशक्तिकरण प्रकल्प के तहत 68 पात्र विधवाओं को 1,53,000 रूपए का राशन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कुष्ठ आश्रम ऊना को 11 हजार रूपए की आर्थिक मदद उपलब्ध करवाई गई। एक किडनी रोगी सूजल को एक साल के लिए 2 हजार रूपए प्रतिमाह की मदद शुरू की गई, जबकि रोड़ा गांव के सोहन सिंह व सलोह गांव के सुभाष को व्हील चेयर प्रदान की गई।

## प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद अब प्रशासनिक समितियां संभाल रहीं पंचायतों की जिम्मेदारी

**विजय समयाल**

**कांगड़ा।** प्रदेश में पंचायत प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद अब



पंचायतों की जिम्मेदारी प्रशासनिक समितियों को सौंप दी गई है। 31 दिसंबर के बाद पंचायतों के भंग होने के साथ ही सरकार ने अंतरिम व्यवस्था लागू करते हुए समितियों का गठन किया है, जो पंचायत स्तर पर विकास कार्यों की निगरानी और आवश्यक प्रशासनिक कार्यों का संचालन कर रही हैं।

सरकार के निर्देशों के अनुसार अब पंचायत सचिव ग्रामवासियों के चरित्र प्रमाण पत्र सहित अन्य जरूरी दस्तावेजों का सत्यापन कर रहे हैं। इस संबंध में विभाग द्वारा स्पष्ट दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

खंड विकास अधिकारी फतेहपुर सुभाषा अत्री ने बताया कि नई व्यवस्था को सुचारू रूप से लागू करने के लिए संबंधित थाना प्रभारियों के साथ भी समन्वय स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक समितियां पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों को अंतिम रूप देने में जुटी हैं और कार्यों की नियमित निगरानी की जा रही है।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी पंचायत निवासी को किसी प्रकार की समस्या या दस्तावेजों के सत्यापन में दिक्कत आती है, तो वह संबंधित समिति अध्यक्ष या सीधे खंड विकास अधिकारी कार्यालय फतेहपुर में संपर्क कर सकता है। प्रशासन का दावा है कि इस नई व्यवस्था से पंचायती स्तर पर पारदर्शिता बनी रहेगी और विकास कार्यों में किसी प्रकार की रुकावट नहीं आने दी जाएगी। साथ ही प्रमाण पत्रों से जुड़े कार्य भी समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएंगे।

## होली मेले में गूंजेंगी 'हारमनी ऑफ द पाइंस' की स्वर लहरियां, बिलासपुर में टीम ने साझा किए विचार

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** हमीरपुर जिले के सुजानपुर टीरा में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय होली मेले में प्रस्तुति देने जा रही हिमाचल प्रदेश पुलिस की ऑर्केस्ट्रा बैंड हारमनी ऑफ द पाइंस ने बिलासपुर प्रवास के दौरान अपने अनुभव साझा किए। औहर स्थित मिला कैफ़े एंड रेस्टोरेंट में 'एक्शन इंडिया' दैनिक समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ कश्मीर ठाकुर से विशेष बातचीत में टीम ने अपनी तैयारी और उद्देश्य पर विस्तार से चर्चा की।

टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर विजय कुमार कर रहे हैं। उनके साथ एएसआई राजेश कुमार, दीपू शर्मा, हितेश भारद्वाज, कार्तिक शर्मा, दीपिका ठाकुर, कृतिका तनवर, कशिश शांडिल, मनजीत सिंह, प्रशांत और आशीष कुमार सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

**होली नई शुरुआत का संदेश देती है : इंस्पेक्टर विजय कुमार**

इंस्पेक्टर विजय कुमार ने कहा कि होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि



सकारात्मक परिवर्तन का प्रतीक है। हम अपनी प्रस्तुति के माध्यम से उत्सव के साथ–साथ प्रेरणा का संदेश भी देना चाहते हैं। राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुति देना टीम के लिए सम्मान की बात है, उन्होंने कहा।

उन्होंने बताया कि बैंड पुलिस वर्दी में ही मंच पर उतरेगा। उनके अनुसार, संगीत और सेवा का समन्वय ही टीम की सबसे बड़ी ताकत है। जब लक्ष्य समाजहित हो, तो टीमवर्क स्वत: सशक्त हो जाता है, उन्होंने जोड़ा।

इंस्पेक्टर विजय कुमार ने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के 'नशे पर प्रहार' अभियान के तहत टीम विभिन्न कार्यक्रमों में नशा मुक्ति का संदेश देती रही है। हम मानते हैं कि संगीत सीधे दिल तक पहुंचता है और सामाजिक बदलाव का प्रभावी माध्यम बन सकता है, उन्होंने कहा। साथ ही यातायात नियमों और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता फैलाना भी टीम की प्राथमिकताओं में शामिल है।

**संगीत हमें और अधिक जिम्मेदार बनाता है : दीपिका ठाकुर**



दीपिका ठाकुर ने कहा कि वर्दी में रहकर प्रस्तुति देना गर्व का अनुभव है। लगातार अभ्यास और अनुशासन के बिना यह संभव नहीं। वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग हमें नई ऊर्जा देता है, उन्होंने कहा। उनके अनुसार, संगीत ने उन्हें कर्तव्यनिष्ठा और आत्मविश्वास दोनों सिखाए हैं।

**दिलों को जोड़ना ही असली सेवा :कार्तिक शर्मा**



कार्तिक शर्मा ने कहा कि यह बैंड केवल सांस्कृतिक प्रस्तुति तक सीमित नहीं है। हमारी कोशिश रहती है कि हर प्रस्तुति समाज को सकारात्मक संदेश दे। कानून के साथ–साथ भावनात्मक जुड़ाव भी जरूरी है, उन्होंने कहा।

**रियाज़ और समर्पण ही सफलता की कुंजी : कृतिका तनवर**



कृतिका तनवर ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता के लिए नियमित अभ्यास और धैर्य आवश्यक है। संगीत एक साझा भाषा है, जो सबको जोड़ती है। अगर लगन सच्ची हो तो हर मंजिल हासिल की जा सकती है, उन्होंने कहा। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों को संस्कार और प्रोत्साहन देने की अपील की। सुजानपुर टीरा के होली मेले में 'हारमनी ऑफ द पाइंस' की प्रस्तुति को लेकर प्रदेश भर में उत्साह है। टीम का मानना है कि यह मंच केवल मनोरंजन का अवसर नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपने दायित्व को निभाने का भी माध्यम है।